भगवान महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं।

दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

RNI : RAJHIN13216/2005

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

अहिंसा परमो धर्म

वर्षः 17 अंकः 251 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, सोमवार 3 अप्रैल, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

जयपुर में राजपूत समाज की महापंचायत

EWS आरक्षण 14% करने और क्षत्रिय कल्याण बोर्ड के गठन की मांग

गरीबों का सितारा

जयपुर। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की ओर से रविवार को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में केसरिया महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। स्टेडियम को केसरिया झंडों से सजाया गया है। महापंचायत की शुरूआत पद्मश्री त्रिवेणी धाम के राम रिछपाल दास महाराज के संबोधन से हुई। महापंचायत में यूपी के केसरगंज से विधायक बृज भूषण सिंह, यूपी में श्रम एवं सेवा योजना मंत्री रघुराज प्रताप सिंह, निम्स यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर डॉ पंकज सिंह, गलता गेट के सियाराम दास महाराज, गोपाल दास महाराज, पंचमुखी हनुमान जी के महंत रामरज दास और सांवल दास की बगीची से सियाराम महाराज पहुंचे। महापंचायत में हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। महापंचायत में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने कहा कि ये राजनीति का मंच नहीं है। साधु संत बैठे हैं। सभी मंत्री-विधायकों को बुलाया गया है। कुछ मुद्दों और मांगों के लिए महापंचायत बुलाई है। सीएम अगर कोई मांग मानते हैं, उनके लिए भी मंच खुला है।। हमारी प्रमुख मांग है कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण के कोटे को 10 से बढ़ाकर कर 14 प्रतिशत किया जाए। आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्णों को केंद्र की भर्तियों में जगह मिले। साधु संतों के लिए वकीलों की तर्ज पर कानून बने।

क्षत्रिय जन कल्याण बोर्ड का गठन हो

गोगामेड़ी ने क्षत्रिय जन कल्याण बोर्ड के गठन की मांग उठाई। उन्होंने कहा- महापंचायत में अकेले क्षत्रिय नहीं हैं। इनमें ईडब्ल्यूएस धारी भी हैं। हम चाहते हैं एक भारत, एक कानून हो। पहले 565 वीआईपी होते थे। आजकर 6 लाख वीआईपी हो गए। मध्यम वर्ग के लोगों के टैक्स से उनका फोन और घर चलता है। गोगामेड़ी ने बताया- यह कार्यक्रम कई मायनों में ऐतिहासिक है। इसमें प्रदेश भर के सर्व समाज से लाखों की संख्या में बच्चे बूढ़े और महिलाएं शामिल हुए हैं।

इतिहास से छेड़छाड़ पर हो कार्रवाई

गोगामेड़ी ने कहा- हमारे समाज के इतिहास और महापुरुषों कि पहचान को तोड़मरोड़ अथवा अन्य किसी समाज का बता कर पेश करने वालों के विरुद्ध संवैधानिक कार्रवाई का अधिकार दिया जाए। उन्होंने कहा- आज कई लोग ऐसे हैं। जो महापुरुषों के ऊपर भी दावा ठोक देते हैं। श्रीराम हमारे थे। महाराणा प्रताप हमारे थे। पृथ्वीराज हमारे थे। उनका पुरातत्व विभाग में पूरा रिकॉर्ड है। सरकार को हस्तक्षेप करके ऐसे लोगों को रोकना चाहिए। यह हमारी प्रमुख मांग है। उन्होंने कहा कि आनंदपाल एनकाउंटर प्रकरण में समाज के कई नेताओं और युवाओं पर जो मुकदमे दर्ज हुए थे। उनमें राज्य सरकार ने कई मुकदमे वापस ले लिया। बाकी सीबीआई को रेफर कर दिए थे। हम चाहते हैं, केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर सभी मुकदमे वापस ले। उन्होंने कहा- हम सीएम की मांग नहीं उठा रहे हैं। जो सीएम जनता बना देगी। वह पूरे राजस्थान और क्षत्रियों का रहेगा। हम यह जरूर कहते हैं कि अबकी बार जो राजनीति है। वह हमारे गलियारे से होकर गुजरे।

राजेंद्र राठौड़ बने नेता प्रतिपक्षः सतीश पूनिया को उप नेता प्रतिपक्ष बनाया

गरीबों का सितारा

जयपुर। BJP ने राजेंद्र राठौड़ को अपना नेता प्रतिपक्ष बना दिया है। रविवार को बीजेपी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, पार्टी पदाधिकारियों और विधायकों की BJP मुख्यालय में बैठक के बाद शाम करीब साढ़े चार बजे इसकी घोषणा की गई। सतीश पूनिया को उप नेता प्रतिपक्ष बनाया गया। राजेंद्र राठौड़ ने कहा- मेरे जैसे जमीनी कार्यकर्ता को आज भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया है। नई जिम्मेदारी सौंपी है। इस दौरान वसुंधरा राजे, सतीश पूनिया और गजेंद्र सिंह शेखावत समेत पार्टी के बड़े नेता मौजूद रहे। इससे पहले विधायक दल की बैठक के दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल नाराज होकर चले गए। हालांकि वरिष्ठ नेताओं के समझाने के बाद वे लौट आए। इधर, चूरू से आए राजेंद्र राठौड़ के समर्थकों ने प्रदेश भाजपा कार्यालय पर जमकर नारेबाजी भी की।

अब देर शाम बीजेपी राजस्थान कोर कमेटी की बैठक होगी। इसमें राजस्थान बीजेपी के प्रभारी अरुण सिंह और सह प्रभारी विजया रहाटकर भी मौजूद रहेंगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ने कहा- पार्टी हाईकमान और विधायक स्तर पर नेता प्रतिपक्ष को लेकर निर्णय हो चुका है। इसके साथ ही आने वाले चुनाव में कांग्रेस को किस तरह हराना है, इस पर भी चिंतन और मनन किया जाएगा। शुक्रवार को बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम और जयपुर प्रांत के प्रचारक बाबूलाल की सेवा भारती भवन में बैठक हुई थी। इसमें राजस्थान में होने वाले संगठनात्मक बदलाव के साथ ही नेता प्रतिपक्ष को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह ने दो दिन में नया नेता प्रतिपक्ष बनने का दावा किया था। इससे पहले शुक्रवार रात बीजेपी के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष चंद्र प्रकाश (सीपी) जोशी ने एक ट्वीट किया था। इसमें राजेंद्र राठौड़ को नेता प्रतिपक्ष बता दिया था। हालांकि कुछ ही देर बाद ट्वीट डिलीट कर दिया था। इस ट्वीट से सियासी हलकों में नई चर्चा शुरू हो गई थी। बता दें कि बीजेपी ने 12 फरवरी को नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल बना दिया था। इसके बाद से ही राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष का पद खाली चल रहा था।

महापंचायत में बवाल! गहलोत के मंत्री को भाषण देने पर टोका, तो मंच से ही चले गए

गरीबों का सितारा

जयपुर। राजस्थान की राजधानी में जाट महाकुंभ और ब्राह्मण महापंचायत के बाद रविवार को अनुसूचित जाति और जनजाति की महापंचायत बुलाई गई जहां मानसरोवर इलाके में शिप्रापथ पुलिस थाने के सामने एससी एसटी समुदाय की 22 लंबित मांगों पर महापंचायत का आयोजन किया गया. महापंचायत में विधानसभा चुनावों से पहले एससी-एसटी समुदाय ने अपनी लंबित मांगों को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया. वहीं महापंचायत में एससी-एसटी समुदाय के मंत्री और विधायक भी बड़ी संख्या दिखाई दिए. इसके साथ ही आयोजन में कुछ मंत्रियों के बोलने को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद कार्यक्रम में खलल पड़ गई। बताया जा रहा है कि मेघवाल के नाराज होकर मंच से चले जाने के बाद मंत्री ममता भूपेश, भजन लाल जाटव, टीकाराम जूली भी कार्यक्रम से चले गए.

इस दौरान मंत्रियों के खिलाफ वहां जमकर नारेबाजी भी हुई।

कार्यक्रम छोड़कर चले गए सारे मंत्री

दरअसल मंच पर अपने संबोधन के लिए जब मंत्री गोविंद मेघवाल पहुंचे तो उन्हें कहा गया कि आप मुद्दे की बात 2 मिनट में करो, इसके बाद नाराज होकर मंत्री ने कहा कि आप देख रहे हैं मंच पर क्या हो रहा है, आप अपनी महापंचायत करते रहो, मैंने अपना भाषण खत्म किया और इस घटनाक्रम के बाद महापंचायत बीच में छोड़ मेघवाल वहां से रवाना हो गए. वहीं महापंचायत के दौरान एससी-एसटी के लंबित मुद्दों की मांग का मुद्दा उठा जहां दलित आदिवासी समुदाय के नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर की. नेताओं ने मंच से एक सुर में कहा कि दलित और आदिवासियों को महज वोट बैंक ना समझा जाए और जातिवाद का ठप्पा लगाकर मुद्दों को भटकाने का काम नहीं किया जाए। वहीं महापंचायत मे राजस्थान सरकार के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्तियों में एससी-एसटी को आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने की मांग करते हुए 9 कुलपति नियुक्त करने की मांग की गई. इसके अलावा सरकार की भर्तियों में बैकलॉग का मुद्दा भी मंच से उठा।

आरटीएच बिल के विरोध में सभी प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर्स ने भगत सिंह सर्किल पर किया धरना प्रदर्शन

सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर किया विरोध प्रदर्शन : डॉ. विजय पाल यादव

गरीबों का सितारा

युवराज शर्मा, अलवर। रविवार को नो टू आर टी एच का संकल्प ले कर अलवर शहर के लगभग सारे प्राइवेट चिकित्सक शहर के मध्य स्थित भगत सिंह चौराहे पर एकत्रित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ एस सी मितल ने की। सर्व प्रथम शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।जयपुर में अलवर जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे डा विजय पाल यादव ने कार्यक्रम में आर टी एच बिल की विसंगति को लेकर एवं उससे होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में अपने विचार व्यक्त किए तत्पश्चात एक एक कर सारे सीनियर चिकित्सकों ने विस्तार से इस बिल के माध्यम से आमजन को दिये जा रहे एक झूठे प्रलोभन से वोट की राजनीति करने का आरोप लगाकर हर बिंदु को स्पष्ट किया। डा विजय पाल ने सरकार से प्रश्न किया कि सरकारी आंकड़े के अनुसार जब प्रदेश की ९० प्रतिशत जनता पहले से ही मुफ्त इलाज पा रहा है एवं बचे हुए १० प्रतिशत लोग अपनी व्यक्तिगत पोलिसी में कवर हैं तो इस बिल का औचित्य ही नहीं था। सस्ती लोकप्रियता के लिए बिना सोचे समझे लाये गये इस बिल में अनेक बिंदु स्पष्ट किये मात्र अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए यह बिल लाया गया।डा एस सी मितल ने जनमानस को समझाते हुए प्रश्न उठाया कि अपनी पीठ थपथपाने वाली राजस्थान की यशस्वी सरकार प्रदेश की शान माने जाने वाले जयपुर के एस एम एस अस्पताल में भी अपनी एम आर आई,सी टी स्कैन की व्यवस्था नहीं कर पाई तो छोटे छोटे प्राईवेट अस्पतालों पर व्यर्थ इतना दबाव क्यों डाला जा रहा है। सीनियर फिजिशियन डा सुबोध अग्रवाल ने इस बिल की विसंगति के बारे में आम जनता को आगाह किया। सीनियर फिजिशियन डॉ सोलंकी ने आमजन तथा चिकित्सकों के संबंध इस बिल से खराब होंगे इसके कारण बताये। सीनियर आई सर्जन डॉ गोपाल गुप्ता ने विश्वास जताया कि सारे चिकित्सक एक सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं एवं उन्हें विजय मिलेगी। सीनियर फिजिशियन डॉ हरीश गुप्ता ने विस्तार से बताया कि शहर में मेडिकल के क्षेत्र में प्राईवेट अस्पतालों में सरकारी अस्पताल से बहुत ज्यादा सूविधा एवं सुपरस्पेशलिटी सुविधाएं बहुत कम दाम पर उपलब्ध हैं तथा जिसका स्थानीय लोगों को बहुत लाभ होता है।इस हड़ताल में कितने ही लोगों को डायलेसिस के लिए हरियाणा या देहली जाना पड़ रहा है।डा अमित खंडेलवाल ने विचार व्यक्त किए उन्होंने कहा कि नेफ्रोलॉजी के विशेषज्ञ जो अहमदाबाद से अलवर में आकर अपनी सेवाएं देना चाहते थे इस माहौल में आना स्थगित कर दिया है।डा पंकज शर्मा ने इस बिल के बाद इमरजेंसी में होने वाले संभावित रिफरल से मरीजों को होने वाले संभावित नुकसान के प्रति जागरूक किया।अनेक वक्ताओं जिसमें जयपुर से आये डॉ अश्विन एवं डॉ शाह ने भी विचार व्यक्त किए। हिमाचल प्रदेश से आये आई एम ए के उपाध्यक्ष डा सबलोक ने इस आंदोलन को समर्थन किया। अलवर आई एम ए के वरिष्ठ सदस्य डा के के गुप्ता ने अपने ओजस्वी भाषण में सारे उपस्थित चिकित्सकों को मार्गदर्शन दिया तथा इस बात का पूर्ण तया खंडन किया कि इस आंदोलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से कोई संबंध है। मुख्यमंत्री जी अपनी असफलताओं को छुपाने के लिए ऐसा आधारहीन आरोप लगा रहे हैं। इसके पश्चात अन्य वक्ताओं ने भी आंदोलन को एकजुट होकर अपनी एक सूत्रीय मांग के पूरे न होने तक सारे कार्य को बंद रखने का प्रण किया। ज्ञात हो कि आज राजस्थान में प्राईवेट अस्पतालों की हड़ताल का १६वां दिन है तथा सारे अस्पताल बंद हैं। सारे शहर के प्राईवेट अस्पतालों ने सरकारी योजनाओं को पहले से ही नहीं करने का शपथ पत्र दे दिया है। भगतसिंह चौराहे पर धरने का समापन राष्ट्रीय गीत से किया गया। उसके बाद डा विजय पाल ने विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने सूचना दी की हरियाणा प्रदेश के सारे चिकित्सक हमारे साथ आ गये हैं वे भी हरियाणा बंद करेंगे। आगामी चार तारीख को जयपुर में एक विशाल रैली का आयोजन होगा जिसमें गहलोत जी के काले कानून को वापस लेने की मांग की जायेगी। अलवर से इस रैली में लगभग पांच हजार लोगों को शामिल किया जाएगा। डॉ विजय पाल ने कहा कि कल प्रातः आई एम ए हाल से बसों से चिकित्सक आठ बजे अलवर के ग्रामीण क्षेत्रों में जायेंगे एवं आमजन से विचार करेंगे।अंत बहरोड़ तथा नीमराना के चिकित्सकों के साथ एक मीटिंग कर आगामी रैली तथा अन्य मुद्दों पर विचार किया जायेगा।

पंचांग

सितारा
गरीबों का
निर्भीक कलम, निष्पक्ष आवाज

दिनांक 03अप्रैल 2023 सोमवार
विक्रम संवत2080चैत्र शुक्ल पक्ष

तिथि	द्वादशी	06:23:40
पक्ष	शुक्ल	
नक्षत्र	मघा	07:22:37
योग	गण्ड	27:38:35
करण	बालव	06:23:40
करण	कौलव	19:17:26
चन्द्र राशि	सिंह	
सूर्य राशि	मीन	
दिशा शूल	पूर्व	
सूर्योदय(जयपुर)		06:17:13
सूर्यास्त	18:43:31	
चंद्रोदय	16:18:32	
चंद्रास्त	29:19:03	
राहू काल	07:51-09:24	
अभिजित	12:07-12:56	

शुभ चोघडिया

अमृत	06:17-07:51	शुभ
शुभ	09:24-10:57	शुभ
चर	14:04-15:37	शुभ
लाभ	15:37-17:10	शुभ
अमृत	17:10-18:44	शुभ

विशेष जानकारी:-
प्रदोष व्रत:-आज
शिव दमनक चतुर्दशी:-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

रक्तदान शिविर में 519 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ

रक्तदान से बड़ा कोई दान नही : बाजोर

गरीबों का सितारा

सीकर।(विनोद धायल)। रविवार को जीणमाता पी एच सी में सुबह 8:00 बजे से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। आयोजक अनिल मारोठिया ने बताया कि स्व. संदेश मारोठिया की हर पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित करते हैं यह लगातार 11वा रक्तदान शिविर आयोजित हुआ जिसमें आसपास के गांवो के युवा व महिलाए बड़ी संख्या में रक्तदान किया उन्होंने बताया कि शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को हेलमेट व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मशहूर कॉमेडियन सुनील कुमावत विनोद शर्मा ने भी शिरकत की। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री प्रेम सिंह बाजोर , युवा बोर्ड अध्यक्ष राजस्थान सीताराम लाम्बा,सासंद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती , उपजिला प्रमुख ताराचंद धायल,पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा ,चेयरमैन प्रतिनिधि कैलाश कुमावत, सुरेन्द्र बैद,राधेश्याम काम्या ,प्रधान प्रतिनिधि प्रभु सिंह गोगावास, पूर्व जिलापरिषद सदस्य सुरेश शर्मा, भाजपा नेता राजेंद्र धीरजपुरा,भाजपा युवा नेता शक्ति सिंह अलोदा ,मधु कुमावत,शिवभगवान सारड़ीवाल,बसंत कुमावत ,भाजपा जीणमाता मण्डल अध्यक्ष महेंद्र पाराशर गजानंद कुमावत ,युवा जिलाध्यक्ष स्वदेश शर्मा , राम अवतार कुमावत,युवा नेता अजय मारवाल , अजबपुरा सरपंच सोहन पटेल, जीण माता थानाधिकारी राम अवतार गटाला,ममता सिंह निठा?वाल, महावीर कुमावत गोरिया, राजेश चेजारा ,फूलचंद कुमावत,नन्दलाल काम्या, कैलाश कुमावत रेटा, सूरजमल कुमावत रायपुरा,कैलाश वर्मा, नाथूलाल पुनिया,छोगाराम जाटोलिया,नेमीचंद वर्मा नरेंद्र,मीणा ० सैकड़ो लोगों ने शिरकत की। आयोजनकर्ता अनिल मारोठिया ने सभी अतिथियो का साफा ०माला पहनाकर स्वागत किया ०सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

समाज सेवा के साथ मनाया आरटीडीसी चेयरमैन का जन्मदिन रक्तदान शिविर

वृक्षारोपण एवं जरूरतमंदों को भोजन वितरण

गरीबों का सितारा

जयपुर। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह राठौड़ का जन्मदिन रविवार (2 अप्रेल) को अजमेर जिले में हर्षोल्लास एवं समाज सेवा के साथ मनाया गया । निगम अध्यक्ष श्री राठौड के जन्मदिन पर बड़ी संख्या में समर्थकों ने जगह-जगह स्वागत कर माल्यार्पण कर साफा पहनाकर केक काटकर उनकी दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर श्री राठौड ने वृक्षारोपण किया। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में निगम जन्मदिन पर लगाए गए रक्तदान शिविर में रक्त दाताओ की हौसला अफजाई की। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन एवं अजमेर समरसता मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राठौड़ का 51 किलो की माला पहनाकर तलवार भेंटकर स्वागत किया। नर सेवा नारायण सेवा - श्री राठौड़ ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है। स्वयंसेवी संस्थाओं को जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए अहम भूमिका निभानी चाहिए। राठौड़ जवाहर फाउंडेशन द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से औपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कोई भूखा ना सोए संकल्प के साथ राजस्थान में एक हजार से अधिक इंदिरा रसोई की स्थापना कर आमजन को राहत प्रदान करने का प्रयास किया है। इंदिरा रसोई में आमजन को 8 रूपए में सम्मान से भोजन परोसा जाता है। निगम अध्यक्ष का जवाहर फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही स्वाभिमान भोजन रसोई में 101 किलो की माला पहना कर अभिनंदन किया गया ।इस अवसर पर श्री राठौड़ ने पांच सौ जरूरतमंदों को फूड पैकेट का वितरण किया। निगम अध्यक्ष राठौड़ ने सादगी के साथ स्वाभिमान भोज में जरूरतमन्दो के साथ भोजन किया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

उत्तर पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2022-23 में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर स्थापित कर नये आयाम स्थापित किये

गरीबों का सितारा

जयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष 2022-23 में सुरक्षित और सुगम रेल संचालन के लिए आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करना तथा बेहतर यात्री सुविधाओं के लिये अनेक कार्य कर नये आयाम स्थापित किये गये है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष 2023-24 में भी आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने व अधिक अधिक यात्री सुविधाएं प्रदान करने के लिये पूर्ण क्षमता के साथ कार्य करने का लक्ष्य रखा गया हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार विजय शर्मा, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में उत्तर पश्चिम रेलवे पर आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने के लिये वर्ष 2022-23 में 26 किलोमीटर नई लाइन, 37 किलोमीटर आमान परिवर्तन व 77 किलोमीटर दोहरीकरण का कार्य पूर्ण किया गया है। वर्ष 2022-23 में लालसोट-पिपलाई (26 किलोमीटर) नई लाइन और जयसंमद-खारवाचांदा (37 किलोमीटर) रेलखण्डों का आमान परिवर्तन किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के सबसे महत्वपूर्ण मार्ग रेवाडी-अलवर-जयपुर-पालनपुर का दोहरीकरण पूर्ण करने के उपरान्त एक अन्य व्यस्त रेलमार्ग फुलेरा-राई का बाग रेलमार्ग के खारिया खंगार-पीपाड रोड (31 किलोमीटर) व पीपाड़ रोड-राई का बाग (46 किलोमीटर) रेलखण्डों का दोहरीकरण कार्य वर्ष 2022-23 में पूर्ण कर रेल संचालन प्रारम्भ किया गया। वर्ष 2023-24 में भी उत्तर पश्चिम रेलवे ने आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किए हैं जिसमें लालसोट-डीडवाना (8.51 किलोमीटर) नई लाइन, आरडीएसओ टेस्ट ट्रेक का प्रथम चरण (18.3 किलोमीटर), फुलेरा-कुचामन सिटी दोहरीकरण (50.5 किलोमीटर) तथा नावां व गुढ़ा लूप (16.8 किलोमीटर) के कार्य को करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त तरंगा हिल-अंबाजी-आबूरोड़ व नीमच-बडी सादड़ी नई रेल लाइनो के कार्य भी किये जा रहें हैं। इन रेल लाईनों के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण व अन्य कार्य चरणबद्ध तरीके से प्रगति पर है। उत्तर पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2022-23 में निरंतर नये विकास के नये शिखर को प्राप्त किया है और आने वाले समय में यात्रियों को दिन-प्रतिदिन नई सुविधाएं प्रदान करने के लिये उत्तर पश्चिम रेलवे सदैव प्रतिबद्ध है।

इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए 140 किलोमीटर नई लाइन, आमान परिवर्तन और दोहरीकरण का कार्य किया

वित्त वर्ष 2022-23 की भारतीय रेलवे ने गिनाई प्रमुख उपलब्धियां

गरीबों का सितारा

जयपुर। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 6542 आरकेएम का रिकॉर्ड विद्युतीकरण किया, रिकॉर्ड 5243 किलोमीटर लंबी नई लाइनें बिछाईं, अब तक की सर्वाधिक स्क्रैप बिक्री की प्रविष्टि तिथि 2 अप्रैल तक भारतीय रेलवे (आईआर) ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान माल ढुलाई, विद्युतीकरण, नई लाइनें बिछाने/दोहरीकरण/आमान परिवर्तन, लोको उत्पादन और इसके साथ ही सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी के एकीकरण सहित विभिन्न श्रेणियों में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं। वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय रेलवे (आईआर) ने यह प्रमुख उपलब्धियां की हासिल

1. माल ढुलाई और राजस्व: भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2021-22 के 1418 एमटी की तुलना में वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 1512 एमटी की माल ढुलाई की है, और इस तरह से माल ढुलाई में 6.63% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। यह किसी एक वित्त वर्ष में भारतीय रेलवे द्वारा की गई अब तक की सर्वाधिक माल ढुलाई है। भारतीय रेलवे ने 2021-22 के 1.91 लाख करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 2.44 लाख करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया है जो कि 27.75% की वृद्धि दशार्ती है। भारतीय रेलवे ने ह्यहंग्री फॉर कार्गोह्ल के मूलमंत्र को अपनाते हुए ह्यकारोबार करने में आसानीह्ल के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी दरों पर सेवा उपलब्धता को बेहतर करने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप पारंपरिक और गैर-पारंपरिक कमोडिटी दोनों से ही जुड़ा नया व्यवसाय रेलवे को प्राप्त हो रहा है। व्यवसाय विकास इकाइयों के ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण एवं कार्यकलापों के साथ-साथ अत्यंत प्रभावकारी नीति निर्माण से रेलवे को यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने में काफी मदद मिली है।

2. रिकॉर्ड विद्युतीकरण : भारतीय रेलवे ह्यमिशन 100 प्रतिशत विद्युतीकरणह्ल को पूरा करने के लिए बड़ी तेजी से प्रगति कर रहा है और इसकी बदौलत दुनिया में सबसे बड़ा हरित रेलवे नेटवर्क बन गया है। भारतीय रेलवे के इतिहास में 2022-23 के दौरान 6,542 आरकेएम का रिकॉर्ड विद्युतीकरण किया गया है। पिछला रिकॉर्ड विद्युतीकरण 2021-22 के दौरान 6,366 आरकेएम का किया गया था, और इस तरह से 2.76% की वृद्धि दर्ज की गई। 3. नई लाइनों (नई लाइनें बिछाने/दोहरीकरण/आमान परिवर्तन) के मामले में 2021-22 के 2909 किलोमीटर की तुलना में 2022-23 के दौरान 5243 किलोमीटर हासिल किया गया। इस प्रकार हर दिन औसतन 14.4 किमी लंबा ट्रैक बिछा दिया जाता है। यह अब तक की सर्वाधिक कमीशनिंग भी है।

भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1512 एमटी की रिकॉर्ड माल ढुलाई की

4. स्वचालित सिग्नलिंग : भारतीय रेलवे के मौजूदा उच्च घनत्व या यातायात वाले मार्गों पर और भी अधिक ट्रेनें चलाने हेतु लाइन क्षमता बढ़ाने के लिए ह्यस्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग एक किफायती समाधान या व्यवस्था है। भारतीय रेलवे ने 2021-22 के 218 किलोमीटर की तुलना में 2022-23 के दौरान स्वचालित सिग्नलिंग के जरिए 530 किलोमीटर का उन्नयन किया है, जिसमें 143.12% की वृद्धि दर्ज की गई है। ये भारतीय रेलवे के इतिहास में स्वचालित सिग्नलिंग में हासिल किए गए सर्वश्रेष्ठ आंकड़े भी हैं।

5. डिजिटली इंटरलॉक्ड स्टेशन (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग): पुराने लीवर फ्रेम से लेकर कंप्यूटर आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम तक में बड़ी संख्या में डिजिटली इंटरलॉक्ड स्टेशन बनाए गए हैं। ट्रेनों के परिचालन में डिजिटल प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग को अपनाया जा रहा है। 2021-22 के 421 स्टेशनों की तुलना में 2022-23 के दौरान 538 स्टेशनों को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रदान की गई जो कि 27.79% की वृद्धि को दशार्ती है।

6. फ्लाईओवर/अंडरपास: सड़कों पर बनी पटरियों को पार करने में जनता की सहूलियत के लिए 2021-22 के 994 फ्लाईओवर/अंडरपास की तुलना में 2022-23 के दौरान 7.14% की वृद्धि दर्ज करते हुए 1065 फ्लाईओवर/अंडरपास सुलभ कराए गए।

7. एफओबी: यात्रियों/पैदल यात्रियों को क्रॉस करने में सहूलियत के लिए 2021-22 के 373 एफओबी की तुलना में 2022-23 के दौरान 375 एफओबी का निर्माण किया गया।

8. समपार फाटक हटाए गए: समपार फाटकों (लेवल क्रॉसिंग या एलसी गेट) पर लोगों की सुरक्षा चिंता का प्रमुख विषय रहा है। 2021-22 के 867 समपार फाटकों की तुलना में 2022-23 के दौरान 880 समपार फाटकों को हटाया गया।

9. गति शक्ति फ्रेट टर्मिनल : माल ढुलाई में अपनी मॉडल हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे ह्यगति शक्ति फ्रेट टर्मिनलोंह्ल के विकास को प्राथमिकता दे रही है। 2021-22 के 21 फ्रेट टर्मिनलों की तुलना में 2022-23 के दौरान 30 फ्रेट टर्मिनल बनाए गए।

10. लिफ्ट/ एस्केलेटर : सुगम्य भारत अभियानह्ल के तहत रेल प्लेटफॉर्म पर दिव्यांगजनों, वृद्धों और बच्चों की आवाजाही को सुगम्य बनाने के लिए भारतीय रेलवे देश भर में रेलवे स्टेशनों पर लिफ्ट और एस्केलेटर लगा रही है। 2021-22 के 208 लिफ्ट और 182 एस्केलेटर की तुलना में 2022-23 के दौरान 215 लिफ्ट और 184 एस्केलेटर लगाए गए।

11. अब तक की सर्वाधिक स्क्रैप बिक्री की गई : भारतीय रेलवे स्क्रैप सामग्री जुटाकर और ई-नीलामी के माध्यम से इसकी बिक्री करके संसाधनों का इष्टतम उपयोग करने के लिए हरसंभव प्रयास करती है। 2021-22 के 5316 करोड़ रुपये की तुलना में 2022-23 के दौरान 5736 करोड़ रुपये की स्क्रैप बिक्री की गई, जो कि 7.90% की वृद्धि दशार्ती है।

12. भारतीय रेलवे में 2022-23 के दौरान 414 स्टेशनों में यार्ड रिमॉडलिंग की गई।

सितारा न्यूज ब्रीफ

गौरवान्वित महसूस होता है कि मैं भारत विकास परिषद का नेतृत्व कर रहा हूँ : कृष्ण यादव

गरीबो का सितारा

वी.पी.मीणा (बहरोड़)। कस्बे में रविवार को भारत विकास परिषद शाखा बहरोड व मानव सेवा संस्था बहरोड के द्वारा महावीर योगी ने अपने पिता रामवतार योगी की याद में वाटर कूलर लगवाया । जानकारी देते हुए अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि मै अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हू कि मुझे भारत विकास परिषद का नेतृत्व करने का मौका मिला। समय-समय पर सेवा के कार्यक्रम करने का अवसर मिल रहा है। वाटर कूलर लगाकर समाज को बहुत ही अच्छा संदेश दिया है। पानी की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। आसपास के लोगों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था नहीं थी। अब यहां के लोग गर्मियों के दिनों में ठंडा पानी आसानी से ग्रहण कर पाएंगे। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव, कृष्ण कुमार यादव, हितेंद्र यादव, राजाराम यादव, राजेश मेहता, राकेश मुच्छल सहित अन्य मौजूद रहे।

मोतियाबिंद के 69 मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन करवाने के बाद चश्मे किए वितरित

गरीबों का सितारा

लक्ष्मणगढ़(अलवर)। अशोका फाउंडेशन की ओर से रविवार को हरसाना में नेत्र रोगियों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ. श्रीमती सोनिया धीरज जैन ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से 3 मार्च को निःशुल्क नेत्र रोग जांच चिकित्सा शिविर में चयनित मोतियाबिंद के 69 मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन जयपुर में करवाया गया था। ऑपरेशन के बाद पहला फॉलोअप 11 मार्च को किया गया। जिसमें आंखों की पुनः जांच की गई। इसके बाद रविवार को सभी को दूसरे फॉलोअप के बाद निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। भारतीय राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ धीरज जैन ने बताया कि अंधता निवारण के क्षेत्र में फाउंडेशन की ओर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है और अभी तक हजारों लोगों को लाभ पहुंचाते हुए निशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन कराए गए हैं। फाउंडेशन की ओर से प्रत्येक माह निःशुल्क नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में चयनित मोतियाबिंद के मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन कराया जाता है। और सभी फॉलोअप भी निःशुल्क किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि अप्रैल माह में चिकित्सकों की हडताल के कारण शिविर आयोजित नहीं किया जा सका। चिकित्सकों की हडताल खत्म होने के बाद शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राजेन्द्र जैन, अनुज जैन और काफी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

नवकार मंत्र के जाप से गूंज उठा महावीर कीर्ति स्तंभ

गरीबों का सितारा

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। महावीर जन्म महोत्सव की पूर्व संध्या पर रविवार को अजमेरी गेट बाहर स्थित महावीर कीर्ति स्तंभ अहिंसा सर्किल पर नवकार मंत्र का जाप मध्यान्ह 4:00 से 5:00 बजे रखा गया जिसमें जैन समाज के प्रबुद्ध नागरिकों की भारी उपस्थिति रही ।वर्तमान में महावीर कीर्ति स्तंभ का जीर्णोद्धार कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुका है जीर्णोद्धार समिति के उत्तम भंडारी ने बताया कि कल महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में कल सुबह 8:00 बजे जैन ध्वज राजेंद्र जी कुकलोल द्वारा फहराया जाएगा। कार्यक्रम के प्रभावना के लाभार्थी गौतम चंद आशीष कुमार संचेती परिवार था कार्यक्रम में पारस पंच उत्तम भंडारी राजेंद्र कुकलोल ज्ञान चंद कोठारी प्रकाश गदिया यशवंत राका दीपचंद कोठारी गौतम चंद श्री श्री माल महावीर नाहर महावीर बाफना सुरेंद्र ओस्तवाल संपत बांठिया दुलीचंद मकाना धनराज राका जसवंत बाबेल अनिल डोसी हस्तीमल संचेती ललित कावड़िया पारसमल संचेती सुशील छाजेड़ रोनक श्री श्री माल विकल कासलीवाल सनत कासलीवाल हुक्मीचंद ललवानी अर्पित कोठारी आदि उपस्थित थे।जैन समाज के सभी महिला मंडल की सदस्या एवं युवा मंडल के सदस्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुशील मेहता द्वारा किया गया।

दुष्कर्म व अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला दर्ज

गरीबो का सितारा

वी.पी.मीणा (बहरोड़)। बहरोड़ पुलिस थाने में रविवार को युवती ने उनके साथ 2 साल पहले दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाया जिसकी जांच की जा रही है। दुष्कर्म करने का आरोपी रिश्ते में चाचा लगता है। जानकारी देते हुए थाना अधिकारी विरेंद्र पाल सिंह विश्नोई ने बताया कि नगर पालिका बर्डोद निवासी 20 वर्षीय एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसमें बताया कि उसके गांव का युवक 2 साल पहले उसके पास नोट्स लेने के लिए घर आया था। उस समय वह अकेली थी योगेश ने मौका देखकर उसके साथ बलात्कार किया और अश्लील वीडियो और फोटो बना ली। उसने धमकी देते हुए कहा अगर परिवार के लोगों को बताया तो तुझे जान से मार दूंगा और वीडियो वायरल कर दूंगा।

भीलवाड़ा पुलिस ने जो बीते 4 साल मे नही किया गया वह चमत्कार पिछले 22 घंटे मे कर दिखाया

पुलिस ने पिछले 22 घंटे में की 750 अपराधियों की धरपकड़

गरीबों का सितारा

भीलवाड़ा/ डॉ. चेतन ठठेरा। राजस्थान में आखिर साढे 4 साल के बाद पुलिस ने आमजन में विश्वास अपराधियों में भय की पंक्ति को सार्थक करते हुए पूरे प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ का अभियान चलाया जा रहा है और इसी अभियान के तहत भीलवाड़ा में आज पुलिस ने जो साडे 4 साल में नहीं किया मात्र 22 घंटे में धरपकड़ करते हुए 750 के करीब अपराधियों को पकडा । पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू ने आज मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मुख्यालय जयपुर के दिशा निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधी की धरपकड़ अभियान के तहत आज मध्य रात्रि को 3:00 बजे से ही भीलवाड़ा में 12 सौ पुलिसकर्मियों की 110 टीमें बनाकर जिले के सभी थाना क्षेत्र में कुल 243 स्थानों पर छापेमारी की गई । 110 टीमें पुलिस अधीक्षक मुख्यालय ग्रामीण सहित सभी पुलिस उप अधीक्षक को के नेतृत्व में गठित की गई थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय चंचल मिश्रा ने बताया कि 22 घंटे तक चले इस धरपकड़ अभियान के दौरान 743 अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई इसमें एनडीपीसी एक्ट 96 आबकारी एक्ट में 75 आर्म्स एक्ट में 10 तथा 17 स्थाई वारंटी अरे पानी स्टेशन एक हार्डकोर अपराधी और सात जघन्य अपराधों में वांछित अपराधी तथा 27 वांछित अपराधी निवारक कार्यवाही में 298 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया इस तरह कुल 248 संदिग्ध वाहनों को भी जब तक किया गया और इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में 10000 लीटर से अधिक शराब भी नष्ट की गई। अब सवाल यह उठता है कि आखिर पुलिस ने 4 साल तक जो काम मुस्तैदी से नहीं किया वह पुलिस मुख्यालय के एक फरमान पर 22 घंटे में यह कारनामा कर दिखाया अगर इसी तरह का अभियान रोजाना अपराधियों के खिलाफ प्रदेश में और जिले में पुलिस चलाती रहे तो आमजन ने पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ने के साथ ही अपराधियों में खौफ पैदा होगा और अपराध पर लगाम लग सकती है लेकिन प्रायः ऐसा होता नहीं है।

लखीमपुर में टैक्टर चढ़ाकर हत्या करने वाला ईनामी आरोपी गिरफ्तार

कॉन्स्टेबल मोहनलाल व मनोज की रही विशेष भूमिका

गरीबो का सितारा

वी.पी.मीणा (बहरोड)। बहरोड़ पुलिस द्वारा वांछित आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए गत दिनों लखीमपुर में रात्रि को जमीनी कब्जे को लेकर हुए झगड़े में ट्रैक्टर चढ़ाकर हत्या करने वाला इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाधिकारी वीरेंद्र पाल विश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि गक्त 10 अक्टूबर 2022 को बलवंत सिंह जाट ने पुलिस थाने में आकर मामला दर्ज करवाया था कि विगत 3 अक्टूबर की रात्रि को 12 बजकर 30 मिनट पर हमारे खेत को कुछ लोग नाजायज रूप से जोत रहे थे। जब हमने बाहर आकर देखा तो फूल सिंह वगैरह भाग कर अपने खेत की तरफ जा रहे थे। मैंने आगे जाकर देखा तो फूलसिंह व सरजीत के खेत में सुरेंद्र सिंह पुत्र किशनलाल उसका बेटा धर्मवीर व अन्य लोग हाथों में सरिया लाठी कुल्हाड़ी लिए हुए थे। इनमें धर्मवीर ट्रैक्टर चला रहा था फूलसिंह व सरजीत ने इन लोगों को अपने कब्जे के खेत को नाजायज जोतने से मना किया तब धर्मवीर ने फूलसिंह के ऊपर जान से मारने की नियत से ट्रैक्टर चढ़ा दिया तथा सुरेंद्र उर्फ कालू व इसके साथियों व परिजनों ने चिल्लाकर कहा कि इनसब को जान से मार दो तब फूलसिंह पर दो-तीन बार ट्रैक्टर चढ़ाकर उसे जान से मार दिया। सरजीत व उसकी पत्नी शर्मिला ने शोर करके बचाने की कोशिश की व तब धर्मवीर ने सरजीत व उसकी पत्नी शर्मिला की तरफ ट्रैक्टर दौड़ाकर सरजीत व उसकी पत्नी शर्मिला की ट्रैक्टर की टक्कर देकर गिरा दिया तथा सरजीत के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया व फिर इन सभी ने घसीट कर सरजीत को कुएं में डाल दिया। मेरे भाई शीशराम ने थाने में फोन कर दिया जिस पर पुलिस मौके पर आई तब तक सभी लोग भाग गए थे। मामले में पुलिस द्वारा आरोपी दूनवास निवासी सुरेंद्र उर्फ कालू राम पुत्र किशन लाल जाट 55 वर्षीय व धर्मवीर ठिल्लू पुत्र सुरेंद्र जाट 29 वर्षीय को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। अब रविवार को हरियाणा के छिल्लरो की ढाणी नांगल चौधरी हरियाणा निवासी सुनील पुत्र नत्थूराम यादव को गिरफ्तार किया गया है । कार्यवाही में कांस्टेबल मोहनलाल व मनोज की विशेष भूमिका रही।

अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग को लेकर कार्यकताओं को सौंपी जिम्मेदारी

गरीबो का सितारा

वी.पी.मीणा (बहरोड)। कस्बे के अहीर धर्मशाला में रविवार को यादव समाज के 16 अप्रैल को जयपुर में आयोजित होने वाली महापंचायत को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एडवोकेट बस्तीराम यादव ने बताया कि अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग लंबे समय से चली आ रही है। जिसको लेकर कई बार आंदोलन किए गए लेकिन अभी तक रेजिमेंट नहीं बनी है। राजस्थान सहित देश के युवाओं की मांग है कि अहीर रेजिमेंट बनाई जाए। जिसको लेकर 16 अप्रैल को जयपुर में महापंचायत कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें अधिक लोगों को पहुंचने के लिए आसान किया गया। बैठक के दौरान महिला आयोग सदस्य सुमन यादव, मंजू यादव, वंदना यादव, अर्पिता यादव, ललिता यादव, विजय यादव, भारत यादव, कमल यादव, संजय यादव, विजयपाल यादव, पूर्व सरपंच नरेश यादव सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग एकत्रित रहे।

एआईसीसी का टैलेंट हंट कार्यक्रम आज से

नए नेतृत्व की खोज एवं विकास की प्रक्रिया आज से शुरू

आज से 08 अप्रैल तक आयोजित होगा संभाग स्तरीय टैलेंट हंट कार्यक्रम : प्रो.सी.बी.यादव

गरीबों का सितारा

जयपुर, सुनील कुमार पाराशर । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अग्रिम संगठन राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ओर से दूसरी पंक्ति के नेतृत्व की खोज एवं विकसित करने के लिए टैलेंट हंट कार्यक्रम सभी संभागों पर आयोजित किया जाएगा । टैलेंट हंट कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के नवनियुक्त राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी.बी. यादव ने बताया कि संभाग स्तरीय टैलेंट हंट कार्यक्रम 3 अप्रैल से 8 अप्रैल तक सभी संभागों पर आयोजित किया जाएगा ' जिसका शुभारंभ 3 अप्रैल 2023 को राजस्थान पीसीसी से प्रारंभ होगा जो 8 अप्रैल तक राजस्थान के सभी संभागों पर आयोजित होकर संपन्न होगा। एआईसीसी सचिव सचिन नायक तथा राजस्थान के प्रभारी रोशन रायकवार के मार्गदर्शन में गठित टीम पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के वर्तमान एवं पूर्व युवा जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकताओं का साक्षात्कार लेगी इसके आधार पर नए नेतृत्व का चुनाव किया जाएगा। चयनित युवा नेताओं को प्रशिक्षण देकर नई जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी। साथ ही जिन विधानसभाओं में कॉन्ग्रेस पार्टी का नेतृत्व कमजोर है अथवा लगातार 2 या इससे अधिक बार पार्टी चुनाव हार रही है ऐसी विधानसभाओं में नए नेतृत्व को उभारने पर अधिक बल दिया जाएगा। इसके लिए संगठन द्वारा आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं जिसके लिए अब तक 1000 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। संभाग स्तरीय कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रो.सी.बी. यादव ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का संभाग स्तरीय टैलेंट हंट कार्यक्रम आज 3 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय जयपुर 4 अप्रैल को सर्किट हाउस अजमेर, 5 अप्रैल को जिला कांग्रेस कार्यालय उदयपुर, 6 अप्रैल को सर्किट हाउस जोधपुर, 7 अप्रैल को सर्किट हाउस बीकानेर एवं 8 अप्रैल को सर्किट हाउस कोटा में आयोजित होगा ' जिसमें दूसरी पंक्ति के नेतृत्व कताओं की खोज की जाएगी।

ओसवाल जैन संघ संस्थान के तत्वाधान में प्रभात फेरी का हुआ भव्य आयोजन

गरीबों का सितारा

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के शुभ अवसर पर ओसवाल जैन संघ संस्थान द्वारा प्रभात फेरी का भव्य आयोजन किया गया ' महामंत्री सुशील मेहता ने बताया कि प्रभात फेरी रविवार को प्रातः6 बजे हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर लोकाशाह नगर, श्री जैन जवाहर भवन मार्ग, लोकाशाह नगर, प्रताप कोलोनी, सब्जी मंडी मार्ग, कुन्दन नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री प्राज्ञ भवन पहुंचकर सम्पन्न हुई ' संघ अध्यक्ष अनिल डोसी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभात फेरी का सुशील मेहता, जिनेश मुकेश गोखरू, मानसिंह लोढ़ा परिवार द्वारा सम्मान किया गया । कार्यक्रम के समापन पर मोतीलाल मुकेश कुमार कोठारी, कैलाश चंद बोहरा व संघ द्वारा प्रभावना देकर सम्मान किया गया ।प्रभात फेरी का सफल संचालन राजू भाई सेठिया व रत्नेश रूनिवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उत्तम चंद भंडारी, सम्पतराज नाहटा, महावीर नाहटा, सतीश बाबेल, भागचन्द बोहरा, निहालचंद कोठारी, उत्तम लोढ़ा, पूर्व सभापति शशि बाला सोलंकी, चंद्रशेखर सोलंकी, सुरज्ञान चंद खीचा, निर्मल खीचा, पारसमाल संचेती, कुलदीप खीचा, गौतम रांका, विक्रम मसिंह कावड़िया, हुक्मीचंद ललवानी, गौतम संचेती, सुशीला श्रीमाल, रोशन आँचलिया, जसवंत बाबेल, अशोक पाडलेचा, राजेंद्र नौलखा, नेमीचंद डूंगरवाल, माणक श्रीमाल, संजय चोरडिया, अरविंद श्रीमाल, नीलम कोठारी, प्रेमराज पीपाडा, रूपेश कोठारी, धनपत हिंगड, गौतम बोहरा, जबरचंद कोठारी, प्रियंका कोठारी, सुशीला ड़ोसी, मीरा चोपड़ा, मंजु मेहता, मंजु श्रीश्रीमाल, सुनीता भंडारी, कांता सेठिया सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग ले कर आयोजन को सफल बनाया।

महावीर प्रसाद जांगिड़ बने जांगिड़ समाज के तहसील अध्यक्ष

गरीबो का सितारा

वी.पी.मीणा (बहरोड)। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के तहसील अध्यक्ष के चुनाव रविवार को संपन्न हुए। जिसमें 577 मे से कुल 463 मत पड़े। जिसमें 69 मतो से महावीर जांगिड़ विजयी हुये। पर्यवेक्षक मामराज जांगिड़ ने बताया कि आज संपन्न हुए चुनाव में 2 प्रत्याशी मैदान में थे ' जिसमें विजयी उम्मीदवार महावीर जांगिड़ को 265 मत व उपविजेता रहे लीलाराम जांगिड़ को 196 मत मिले। इस दौरान जांगिड़ समाज के सैकड़ों कार्यकताओं ने विश्वकर्मा भगवान की जय घोष के साथ महावीर प्रसाद के फूल माला व साफा पहनाकर मिठाई बांटी गई। इस दौरान पुर्व प्रधान रमेश चंद जांगिड़, संजय शर्मा प्रधानाध्यापक, संरक्षक दयावंत जांगिड़, डॉक्टर शिवराम जांगिड़, पूर्ण चंद शर्मा प्रचार मंत्री महासभा, मदनलाल जांगिड़, प्रीतम जांगिड़, घनश्याम जांगिड़ कार्यवाहक अध्यक्ष छात्रावास, कैलाश चंद जांगिड़, धन सिंह जांगिड़, कारपेंटर एसोसिएशन अध्यक्ष मदनलाल जांगिड़ सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

सुभाष जैमिनी बने सर्व ब्राह्मण एकता मंच के जिलाध्यक्ष

गरीबों का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। पुष्पेंद्र शर्मा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं मीडिया प्रभारी सर्व ब्राह्मण एकता मंच की अनुशंसा पर सुभाष जैमिनी को सर्व ब्राह्मण एकता मंच के जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया ' इस दौरान पुष्पेंद्र शर्मा ने कहा कि आपको जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपते हुए हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप संगठन की रीति-नीति पर कार्य करते हुए संगठन को और मजबूत करने का कार्य करेंगे , साथ ही ब्राह्मण समाज की प्रेरणा स्रोत जनसेवा में सेवा समर्पण के भाव से ब्राह्मण समाज के हित व उत्थान के लिए जन कल्याणकारी सेवा समर्पण के भाव से आजीवन समर्पित रहेंगे तथा पूर्णनिष्ठा से कार्य करेंगे। यह संगठन ब्राह्मणों की एकता अखंडता और सम्मान व स्वाभिमान को बनाय रखने के लिये तथा असहाय व गरीब व पिछड़े हुए विप्र बंधुओं व नवयुवाओं को जागरूक कर संगठन हमेशा विप्र बधुओं की भलाई के हित में कार्य करेगा। सर्व ब्राह्मण एकता मंच संगठन पूर्णरुपेण गैर राजनीतिक संगठन है। सर्व ब्राह्मण एकता मंच (परिवार) आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

नफरती बोल यानी हेट स्पीच पर सर्वोच्च अदालत की तल्ख टिप्पणी को गंभीरता से लेने की जरूरत है। देश की राजनीतिक फिजा में घुल रहे जहरीले बोल देश की एकता-अखंडता, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। देश के नेताओं और धार्मिक लोगों को सोचना चाहिए कि वे देश के माहौल में नफरत घोल कर क्या हासिल कर लेंगे। देश के सामाजिक व सांप्रदायिक तानाबाना को बनाए रखना सभी भारतीयों की जिम्मेदारी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राजनीति को धर्म से अलग करना जरूरी है। सवाल है कि लेकिन कैसे? सरकारें हेट स्पीच को लेकर सख्त कार्रवाई करती नहीं हैं या बहुत कम करती हैं, लोगों में कानून का भय नहीं है। हेट स्पीच को लेकर आजकल का यह अंक...

हेट स्पीच पर राष्ट्रीय बहस हो

विश्लेषण

प्रमोद जोशी
वरिष्ठ पत्रकार

सुप्रीम कोर्ट को इस विषय पर विचार करते समय हेट स्पीच की परिभाषा भी तय करनी होगी या केंद्र सरकार को इस आशय का निर्देश देना होगा। कुछ याचिकाओं में इस आशय की माँग भी की गई है। देश में हेट स्पीच का कोई कानून नहीं है। आमतौर पर भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए और बी के अलावा धारा 195ए के तहत फैसले किए जाते हैं। विधि आयोग ने 2017 में अपनी 267वीं रिपोर्ट में कहा कि कानून की अनेक सामान्य व्यवस्थाओं के कारण अदालतों के सामने हेट स्पीच के मामलों में दिक्कत होती है। हेट स्पीच व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर भी सफाई की जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट में गत 29 मार्च को जस्टिस केएम जोसफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने हेट स्पीच मामले पर सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि जिस दिन राजनीति और धर्म अलग हो जाएंगे, और नेता राजनीति में धर्म का उपयोग करना बंद कर देंगे, उसी दिन नफरत फैलाने वाले भाषण भी बंद हो जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हम अपने हाल के फैसलों में भी कह चुके हैं कि पॉलिटिक्स को राजनीति के साथ मिलाना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। वहीं, जस्टिस बीवी ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी की मिसाल देते हुए कहा, 'वाजपेयी और नेहरू को याद कीजिए, जिन्हें सुनने के लिए लोग दूर-दराज से एकत्र होते थे। हम कहां जा रहे हैं?' इसके पहले अदालत कह चुकी है कि खबरिया चैनलों के एंकर अपने कार्यक्रमों के माध्यम से हेट स्पीच परोसते रहे हैं। खंडपीठ ने नफरती भाषण देने वाले लोगों पर सख्त आपत्ति जताते हुए सवाल किया है कि लोग खुद को काबू में क्यों नहीं रखते हैं? यह 'काबू' शब्द भी विचारणीय है। हेट स्पीच क्या बेकाबू होकर होती है या सोच-समझकर?

किसकी हेट स्पीच?

सुप्रीम कोर्ट में इस प्रश्न पर चल रही बहस को गौर से सुनने की जरूरत है। इस बहस के साथ देश की राजनीति, प्रशासन और सामाजिक व्यवस्था के बेहद महत्वपूर्ण प्रश्न जुड़े हैं। ऐसे तमाम प्रश्नों पर हमें विचार करना चाहिए। केरल के पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके मांग की है कि वह देशभर में हुई हेट स्पीच की घटनाओं की निष्पक्ष, विश्वसनीय और स्वतंत्र जांच के लिए केंद्र सरकार को निर्देशित करें। भारत में मुसलमानों को डराने-धमकाने के चलन को तुरंत रोका जाए। हालांकि, कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या मुसलमान ऐसे बयान नहीं दे रहे हैं?

और कुछ सवाल

अदालत की टिप्पणी पर केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र चुप नहीं है। केरल जैसे राज्य चुप थे, जब मई 2022 में पीएफआई (प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) की एक रैली में हिंदुओं और ईसाइयों के खिलाफ नरसंहार के आह्वान किए गए थे। उन्होंने आश्चर्य जताया कि जब अदालत इस बारे में जानती थी, तो उसने स्वतः संज्ञान क्यों नहीं लिया। उन्होंने अदालत को यह भी बताया कि तमिलनाडु में डीएमके के एक प्रवक्ता ने कहा था, 'जो भी पेरियार कहते थे, वह किया जाना चाहिए, यदि आप स्वतंत्रता चाहते हैं तो आपको सभी ब्राह्मणों की हत्या करनी होगी।' इस पर जैसे ही जस्टिस जोसफ हँसे, मेहता ने कहा, 'यह हँसी की बात नहीं है। मैं इसे हँसी में नहीं उड़ाऊँगा। इस आदमी के खिलाफ एफआईआर नहीं हुई है। इतना ही नहीं, वे एक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रवक्ता बने हुए हैं।'

धर्म की राजनीति

उन्होंने केरल की एक क्लिप चलाने के लिए अदालत की अनुमति माँगी, जहाँ मई 2022 में पीएफआई की रैली के दौरान एक बच्चे ने कथित तौर पर हिंदुओं और ईसाइयों के खिलाफ नरसंहार के नारे लगाए थे, लेकिन अनुमति नहीं मिली। मेहता ने याचिकाकर्ता पर निशाना साधते हुए कहा कि दुर्भाग्य से यह क्लिप केरल से हैं और याचिकाकर्ता केरल से हैं, लेकिन यह तथ्य अदालत के संज्ञान में नहीं ला रहे हैं। जस्टिस जोसफ ने कहा, 'बड़ी समस्या तब होती है, जब राजनेता सत्ता के लिए धर्म का इस्तेमाल करते हैं।' मेहता ने कहा कि केरल की क्लिप का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, यह 'शुद्ध और सरल धार्मिक घृणा से भरा भाषण था।' इस पर जस्टिस जोसफ ने कहा, 'इसका राजनीति से सब कुछ लेना-देना है। घृणा एक दुष्चक्र है। राज्य को कार्रवाई शुरू करनी होगी। जिस क्षण राजनीति और धर्म को अलग कर दिया जाएगा, यह सब बंद हो जाएगा।, राज्य निष्क्रिय नहीं हो सकता।'

राज्यों की भूमिका

नफरती बोल बोलने वालों के खिलाफ कार्रवाई न होने को लेकर महाराष्ट्र समेत अलग-अलग राज्यों के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है। अक्तूबर 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के पुलिस प्रमुखों को औपचारिक शिकायतों का इंतजार किए बिना आपराधिक मामले दर्ज करके नफरत भरे भाषणों से जुड़े अपराधियों के खिलाफ 'तत्काल' स्वतः कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। अदालत ने यह भी चेतावनी दी थी कि इस अत्यंत गंभीर मुद्दे पर कार्रवाई करने में प्रशासन की ओर से कोई भी देरी अदालत की अवमानना को आमंत्रित करेगी। खंडपीठ के सामने उपरोक्त याचिका के अलावा हेट स्पीच से जुड़ी एक दर्जन के आसपास याचिकाएं और हैं। ऊपर कही गई बातें आमतौर पर इससे पहले भी कही जाती रही हैं, पर जस्टिस जोसफ की टिप्पणी ध्यान खींचती है। उन्होंने कहा, 'राज्य नपुंसक है। वह समय पर कार्रवाई नहीं करता। जब राज्य ऐसे मसलों पर चुप्पी साध लेगा तो फिर उनके होने का मतलब क्या है?'

राज्य या राजव्यवस्था?

उनकी इस बात का लोगों ने अपने-अपने तरीके से विश्लेषण किया है। 'राज्य' यानी स्टेट का मतलब राज्य सरकारें। 'राज्य'का व्यापक अर्थ भी होता है। राज्य के अंतर्गत सरकारें तो आती ही हैं, न्याय-व्यवस्था, विधायिका और अन्य संस्थाएं भी आती हैं। व्यापक अर्थ में राजनीति और समाज-व्यवस्था को भी उसमें शामिल किया जाना चाहिए। फिलहाल ऐसा लगता है कि अदालत का आशय राज्य सरकार से है। शाहीन अब्दुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करते हुए कहा था कि सुप्रीम कोर्ट राज्यों को कई बार हेट स्पीच पर लगाम लगाने के आदेश दे चुका है। इसके बावजूद हिंदू संगठनों की हेट स्पीच पर लगाम लगाने में महाराष्ट्र सरकार विफल रही है। याचिकाकर्ता ने मांग की थी कि महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए। पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता के वकील निजामुद्दीन पाशा ने कोर्ट में कहा कि महाराष्ट्र पुलिस को एक हिंदू संगठन के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। संगठन पिछले चार महीने में 50 से अधिक रैलियां आयोजित कर चुका है। पीठ ने अवमानना याचिका पर नोटिस जारी किया और इस पर सुनवाई के लिए 28 अप्रैल की तारीख तय की है।

हेट स्पीच की परिभाषा

सुप्रीम कोर्ट को इस विषय पर विचार करते समय हेट स्पीच की परिभाषा भी तय करनी होगी या केंद्र सरकार को इस आशय का निर्देश देना होगा। कुछ याचिकाओं में इस आशय की माँग भी की गई है। देश में हेट स्पीच का कोई कानून नहीं है। आमतौर पर भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए और बी के अलावा धारा 195ए के तहत फैसले किए जाते हैं। विधि आयोग ने 2017 में अपनी 267वीं रिपोर्ट में कहा कि कानून की अनेक सामान्य व्यवस्थाओं के कारण अदालतों के सामने हेट स्पीच के मामलों में दिक्कत होती है। हेट स्पीच और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर भी सफाई की जरूरत होगी। अक्सर लोग इसे अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मानते हैं। हम व्यक्ति की स्वतंत्रता के हामी हैं, पर नहीं जानते कि इससे जुड़ी मर्यादाएं भी हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर बंदिश लगाने के जोखिम भी हैं। संविधान के अनुच्छेद 19(1) ए के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता असीम नहीं है। उसपर विवेकशील पाबंदियाँ हैं। सिनेमाटोग्राफिक कानूनों के तहत सेंसरशिप की व्यवस्था भी है। इंटरनेट पर पहचान छिपाकर झूठ और आक्रामक विचार आसानी से फैलाए जा रहे हैं। ऐसे में भेदभाव बढ़ाने वाली भाषा को भी हेट-स्पीच के दायरे में रखा जाना चाहिए। सबसे ज्यादा भ्रामक जानकारियां फेसबुक, ट्विटर और वॉट्सएप जैसे प्लेटफॉर्मों के जरिए फैलती हैं। इनके खिलाफ सख्त कानून बनने से कानूनी कार्रवाई का रास्ता खुलेगा, पर फ्री-स्पीच के समर्थक मानते हैं कि एंटी-हेट-स्पीच कानून का इस्तेमाल विरोधियों की आवाज दबाने के लिए किया जा सकता है।

टीवी की भूमिका

हालांकि देश में आजादी के पहले से ऐसे बयानों का चलन रहा है, पर 1992 में बाबरी विध्वंस के कुछ पहले से इन बयानों ने सामाजिक जीवन के ज्यादा बड़े स्तर पर प्रभावित किया है। इस परिघटना के समांतर टीवी का प्रसार बढ़ा और न्यूज़ चैनलों ने अपनी टीआरपी और कमाई बढ़ाने के लिए इस ज़हर का इस्तेमाल करना शुरू किया है। नब्बे के दशक में लोग गलियों-चौराहों और पान की दुकानों पर ज़हर भरे भाषणों के टेपों को सुनते थे। विडंबना है कि हेट स्पीच रोकने के लिए देश में तब भी कानून थे और आज भी हैं, पर किसी को सजा मिलते नहीं देखा गया है। चौराहों, नुक्कड़ों और भिंडी-बाजार के स्वर और शब्दावली विद्वानों की संगोष्ठी जैसी शिष्ट-सौम्य नहीं होती। पर खुले गाली-गलौज को तो मछली बाजार भी नहीं सुनता। वह भाषा सोशल मीडिया में पहले प्रवेश कर गई थी, अब मुख्यधारा के मीडिया में भी सुनाई पड़ रही है।

लाइव प्रसारण

समाचार मीडिया को लाइव प्रसारण की जो छूट मिली है, उसने अति कर दी है। टीवी मीडिया और सोशल मीडिया बिना रेग्युलेशन के काम कर रहे हैं। उनका नियमन होना चाहिए। नब्बे के दशक में जब देश में निजी चैनल शुरू हुए थे, तब आमतौर पर टीवी हार्ड न्यूज़ या ब्रेकिंग न्यूज़ का मीडिया था। उसमें बहस या विमर्श का हिस्सा बहुत

कम था। आज हालत यह है कि आप दिन में जब भी टीवी खोलें, तो बहस होती नज़र आएगी। बहस में भागीदार भले ही दस हों, एंकर की कोशिश होती है कि एक पक्ष बनाम दूसरा पक्ष हो। वे चाहते हैं कि स्टूडियो में तनाव पैदा हो। लाइव टीवी शो के दौरान थप्पड़, लात और घूँसे भी चलते देखे गए हैं। सच यह है कि कार्यक्रमों की पटकथा एंकर नहीं लिखते। वह तो चैनलों का प्रबंधन तय करता है। उसे टीआरपी चाहिए, और शायद चैनलों की उथली समझ है कि टीबारपी सनसनी, तनाव और टकराव से मिलती है, यह पूर्ण सत्य नहीं है। आमिर खान के शो सत्यमेव जयते की टीआरपी टीची चैनल प्रबंधनों के सामने नजीर है।

राष्ट्रीय संवाद हो

हेट स्पीच पर राष्ट्रीय स्तर पर संवाद होना चाहिए, सार्थक बहस होनी चाहिए। अदालत के फैसले पर ही दशा व दिशा तय नहीं होनी चाहिए, बल्कि मीडिया से लेकर संसद तक हेट स्पीच के खतरे व उसे रोकने की जरूरतों पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। अमृतकाल में जहां विकसित भारत का लक्ष्य है, वहां हेट स्पीच जैसे विभाजनकारी राजनीति बेहद खतरनाक है। नफरती बोल पर सरकारें हाथ पर हाथ धरे नहीं रह सकती हैं। अखंड भारत के सपने हेट स्पीच जैसे माहौल से पूरे नहीं हो सकते हैं।

सहायक लेखाधिकारी भैंरूराम मँगावा को सेवानिवृत्ति पर दी गई भव्य विदाई

गरीबों का सितारा

दाँतारामगढ़। (विनोद धायल)। सहायक लेखाधिकारी भैरूराम मँगावा को सेवानिवृत्ति पर भव्य अभिनन्दन कर विदाई दी गई। अधिवार्षिकी सेवानिवृत्ति पर पंचायत समिति परिवार दाँतारामगढ़ की ओर से पंचायत समिति परिसर में भव्य समारोह आयोजित कर अभिनंदनपूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। दाँतारामगढ़ उपखण्ड अधिकारी प्रतिभा वर्मा आईएएस के मुख्य आतिथ्य, प्रधान गेंद कँवर की अध्यक्षता और मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नानूराम जाट, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी मनु काला, सहायक अभियंता वाटरशेड सत्यनारायण सैनी, सरपंच संघ सीकर जिलाध्यक्ष हनुमान प्रसाद झाझड़ा, सरपंच संघ दाँतारामगढ़ अध्यक्ष छीतरमल लोरा, सरपंच प्रभूसिंह गोगावास, सरपंच सुरेश कुमार वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य एवं विकास अधिकारी रामनिवास झाझड़िया के संयोजकत्व में आयोजित विदाई समारोह में अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्त हो रहे सहायक लेखाधिकारी भैरूराम मँगावा को जोरदार स्वागत, अभूतपूर्व अभिनंदन कर उज्ज्वल, उन्नत एवं समृद्ध भविष्य की शुभकामनाओं के साथ भव्य विदाई दी गई। साथ ही सहायक लेखाधिकारी भैरूराम मँगावा की अर्द्धांगिनी मनभरी देवी का भी राजस्थानी परम्परानुसार भव्य अभिनन्दन किया गया। मंगलाचरण से शुरू हुए समारोह के मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथियों तथा संयोजक का राजस्थान की आन बान और शान का प्रतीक साफा, ऋषि संस्कृति के संवहन का प्रतीक शॉल व प्रफुल्लित स्नेहसिक्त मंगल सूचक पुष्पहार पहनाकर लेखाधिकारी केशरदेव गोठवाल, अतिरिक्त विकास अधिकारी हरफूल सिंह काँटवा, फूलचन्द महर्षि, वीरेन्द्र सिंह भाटी, ग्राम विकास अधिकारी मंजू मीणा, रामचन्द्र सिंह, श्रीकृष्ण परनामी, लेखा सहायक सुनीता शर्मा, कनिष्ठ सहायक सोनू स्वामी, किशनाराम सामोता, सरपंच भगवान सिंह छब्बरवाल, सरपंच चंदा धायल, बाय सरपंच मुकेश खांडल, पचार सरपंच राहुल कुमावत, सरपंच सागर सामोता द्वारा भव्य स्वागत किया गया। दाँतारामगढ़ पंचायत समिति परिवार के अभिन्न सहयोगी के रूप में की गई सेवा सहित 29 वर्ष 7 महीने 26 दिन की श्लाघनीय सेवा पश्चात सेवानिवृत होकर विदा हो रहे सहायक लेखा अधिकारी भैरूराम मँगावा का उत्कृष्ट सेवा के सार्वजनिक अभिनंदन स्वरूप दाँतारामगढ़ उपखण्ड अधिकारी प्रतिभा वर्मा आईएएस ने पगड़ी, गुलदस्ता और प्रतीक चिह्न भेंट कर, प्रधान गेंद कँवर ने शॉल ओढ़ाकर, सरपंच संघ के पदाधिकारी व प्रतिनिधि हनुमान प्रसाद झाझड़ा, छीतरमल लोरा, चन्दा देवी धायल, सुरेश कुमार वर्मा, सागरसिंह सामोता, भगवान सिंह छब्बरवाल ने उपहार स्वरूप सूटकेस भेंट कर, विकास अधिकारी रामनिवास झाझड़िया व लेखा अधिकारी केशरदेव गोठवाल ने अंगवस्त्र और कम्बल द्वारा, अतिरिक्त विकास अधिकारी हरफूल सिंह काँटवा सहित समस्त अतिरिक्त विकास अधिकारियों व प्रगति प्रसार अधिकारी प्रभुदयाल टेलर ने होम थियेटर साउण्ड सिस्टम भेंट कर, ग्राम विकास अधिकारी रामचन्द्रसिंह व महेश कुमार सहित सभी ग्राम विकास अधिकारियों ने मिल्टन वाटर केन, कनिष्ठ सहायक मनोज कुमार बाजड़ोलिया, हरजीराम, मुकेश कुमार मीणा सहित समस्त वरिष्ठ व कनिष्ठ सहायकों ने कर्मयोगी लीलावतार भगवान श्रीकृष्ण की नयनाभिराम तस्वीर भेंट कर, समस्त तकनीकी सहायकों, लेखा सहायकों व स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक कॉर्डिनेटर द्वारा श्रीडी सिनेरियो द्वारा, सहायक कर्मचारी मंजू देवी व छोटी देवी सहित समस्त सहायक कर्मचारियों द्वारा छाता भेंट कर, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नानूराम जाट द्वारा शॉल व श्रीफल भेंट कर तथा ललित किशोर शर्मा ने अभिनन्दन पत्र द्वारा आत्मीय स्वागत-सत्कार करते हुए हार्दिक बधाई देकर सुदीर्घ जीवन, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य हेतु मंगलकामनाएँ की। शिक्षाविद् मालीराम बुरड़क, गिरधारी लाल बुरड़क, सागरसिंह हरितवाल, मदनी सरपंच प्रतिनिधि सुरेश कुमार सुण्डा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि दानाराम वर्मा, पूर्व उप सरपंच चन्दन सिंह शेखावत, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बीरबलसिंह चौपड़ा, नर्सिंग अधिकारी महेन्द्र मील, मोतीराम बिजारणियाँ, जवाहर सिंह फरड़ोलिया, वॉलीबॉल कोच राजेन्द्र प्रसाद पारीक, बलबीर सिंह राबिया, सतीशसिंह, सागरसिंह जूणियाँ, रघुनाथ प्रसाद मँगावा, बेगाराम मँगावा, रामकुमार मँगावा, वार्ड पंच आलोक मँगावा, शिवपाल बिजारणियाँ, मैनेजर मूलचन्द महला, अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी भँवरलाल मँगावा, प्रोफेसर डॉ. श्रवण कुमार मँगवा, बाबूलाल मँगावा, मोतीराम मँगावा और सीताराम मँगावा ने पुष्पहार पहनाकर सेवानिवृत होकर विदा हो रहे लेखा अधिकारी का हार्दिक अभिनंदन किया। समारोह की मुख्य अतिथि उप जिला कलक्टर एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट दाँतारामगढ़, प्रतिभा वर्मा आईएएस ने होनहार, कर्तव्यनिष्ठ, अनूठी समझ व सूझबूझ तथा अद्भुत निर्णय क्षमता के धनी सहायक लेखा अधिकारी भैरूराम मँगावा की ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए उनके कार्यकाल को अविस्मरणीय बताया और उनके कार्य-व्यवहार की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। विशिष्ट अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नानूराम जाट ने सहायक लेखा अधिकारी भैरूराम मँगावा की कार्यशैली, वाणी-व्यवहार, समझ, समन्वय और कार्यकुशलता की प्रशंसा करते हुए उनके सरल व्यवहार की सराहना कर शुभकामनाएँ दी। मोटलावास सरपंच प्रभू सिंह गोगावास ने विदाई पाने वाले सहायक लेखा अधिकारी के कृतित्व व व्यक्तित्व की सराहना करते हुए सेवानिवृत्ति पर हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। बाज्यावास सरपंच चन्दा देवी धायल की काव्यमय प्रस्तुति ने विदाई की वेला को भाव प्रवण बना दिया। समारोह का बखूबी काव्यमय प्रभावी मंच संचालन महामहिम राष्ट्रपति से पुरस्कृत वरिष्ठ शिक्षक फूलाराम भादू प्रेमनगर मदनी ने किया। अधिवार्षिकी सेवानिवृत्ति पर विदा हो रहे सहायक लेखा अधिकारी भैरूराम मँगावा ने अपने स्वागत-सत्कार और अभिनन्दन से अभिभूत होकर विशिष्ट उपलब्धियों से सराबोर अपने अविस्मरणीय कार्यकाल के लिए पंचायत समिति परिवार सहित सभी के शानदार सहयोग की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम संयोजक विकास अधिकारी रामनिवास झाझड़िया और लेखा अधिकारी केसरदेव गोठवाल ने सभी का आभार अभिनंदन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षाअधिकारी हेमाराम, नर्सिंग अधिकारी बीरबल सिंह कुलरिया, पत्रकार विनोद धायल, शिक्षाविद् भँवरलाल परसवाल, महेश कुमार भामू, बीरबल भामू, गुलाराम, जीवण सिंह और जगदीश प्रसाद सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कई चाहने वालों ने अभिनंदनपूर्वक भावभीनी विदाई दी गई

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

भाजपा नेता व पूर्व चेयरमैन बन्नाराम मीना ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से की मुलाकात

गरीबों सितारा

लक्ष्मणगढ़। भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व चेयरमैन बन्नाराम मीना ने रविवार को प्रदेश कार्यालय जयपुर में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र का फीडबैक दिया। इस दौरान मीना ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद सीपी जोशी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया सहित कई अन्य नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा नेताओं ने मीना को विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने के दिशा निर्देश दिये।

चौधरी परिवार ने गौ सेवा के लिए एक ट्रोली खाखले की भेंट की

गरीबों का सितारा

गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव। स्थानीय श्री माधव गौ उपचार केंद्र को गौसेवा हेतु एक ट्रेक्टर खाखला समाजसेवी रामकुमार चौधरी बीएसएल ने अपने भाई साँवर लाल जाट की पुण्य स्मृति मे भेट किया । चौधरी परिवार की ओर से उनके प्रतिनिधी जगदीश जाट,पुराना जोरवरपुरा ने बीमार , दुर्घटनाग्रस्त गौ वंश के खाने हेतु खाखला समर्पित किया। इस दौरान बाबा महाकाल भक्त मंडल के गोपाल लाल वेष्णव एडवोकेट , रवि नवाल,पूर्व सरपंच रघुनाथ दास वैष्णव (उंखलिया) प्रभु दास वैष्णव, श्री माधव गौ उपचार केंद्र के कार्यकर्ता मुकेश शर्मा,शंकर लाल सेन,विकाश तलाइच,पिंटू वैष्णव,दिनेश पुरोहित,दिनेश टेलर, मनीष गर्ग, अभिषेक गर्ग व रमेश सोनी मौजूद रहे । सभी ने चौधरी परिवार का आभार व्यक्त किया ।

एसटी/एससी सम्मेलन मे शामिल पहुंचे रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना

गरीबों का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र से भी 02 अप्रैल 2023 को जयपुर मे एसटी/एससी वर्ग की मिटिंग मे हजारो की तादाद मे लोग शामिल हुए। रैणी से किशन लाल बैरवा के द्वारा भी अथक प्रयास किए गए और उनके प्रयास सफल रहे और हजारो की तादाद मे जयपुर रैली मे शामिल हुए । इसी तरह से रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर ने भी जयपुर जाकर एसटी/एससी की महापंचायत मे शामिल हुए।

महावीर और हनुमान जयंती के आयोजन को लेकर पुलिस थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

गरीबों का सितारा

आसींद/ बदनोर। कस्बे में महावीर व हनुमान जयंती के उपलक्ष में पुलिस थाना परिसर में डीवाईएसपी लक्ष्मण लाल भाकर व थानाधिकारी जगदीश प्रसाद जाट एवं सीएलजी सदस्य की उपस्थिति मैं सीएलजी बैठक आयोजित हुई। बैठक मैं 3 अप्रैल महावीर जयंती व 6 अप्रैल को हनुमान जयंती पर भव्य शोभायात्रा शांति पूर्वक निकालने व 22 अप्रैल को ईद उल फितर का त्यौहार को लेकर गणमान्य सदस्यों ने प्रशासन के साथ मुख्य बिंदु पर चर्चा हुई। डीवाईएसपी ने डीजे नहीं चलाने व बैंड बाजों व निम्न ध्वनि स्पीकर माइक चलाकर शोभायात्रा निकालने व सौहार्दपूर्ण भाईचारे से सभी त्यौहार मनाये अपने अपने त्योहार पर बनाए गए रूट चार्ट के अनुसार निकालने की अपील की। सीएलजी सदस्यों ने मुख्य बाजार मुख्य मार्गो मैं हो रखी अव्यवस्था के बारे में प्रशासन को अवगत कराया। इस मौके पर सुगन मोहम्मद. प्रताप सिंह चौहान हंस बहादुर अनिल शर्मा सिकंदर अली राजेंद्र सिंह राठौड़ गोविंदपुरी एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

गंगापुर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर सीएलजी की मीटिंग आयोजित

गरीबों का सितारा

गंगापुर/ दिनेश लक्षकार। नगर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर शनिवार को पुलिस चौकी में दोनों समुदाय की सीएलजी बैठक उपखंड अधिकारी राजेश सुवालका की अध्यक्षता में हुई ' जिसमें हनुमान जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा नगर के कुंड चौक बालाजी से 9:15 बजे रात्रि रवाना होकर एक बजे कुड चौक बालाजी मंदिर पहुंचेगी ।जहां पर महाआरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा ' इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी सहित पुलिस जाब्ता जगह-जगह तैनात रहेगा । नगर पालिका के सभी कर्मचारी,तहसील के कर्मचारी भी शोभायात्रा के साथ रहेंगे । हनुमान जन्मोत्सव पर शाम 4:15 नीलकंठ महादेव से वाहन रैली पंचतीर्थ बालाजी भूत बावजी मंदिर बस स्टैंड होती हुई कुंड चौक मंदिर पहुंचेगी।एडिशनल एसपी गोवर्धन लाल खटीक ने शोभायात्रा शांति पूर्वक निकालने का आव्हान किया। सीएलजी बैठक के साथ पोटला वासियों की भी पुलिस चौकी पर सीएलजी बैठक रखी गई पूर्व सरपंच गहरी लाल जाट ने दोनों समुदाय के व्यक्ति आकर शांतिपूर्वक शोभायात्रा निकालने की चर्चा की गई इस दौरान पुलिस अधीक्षक राहुल जोशी सीआई नरेंद्र जैन तहसीलदार रतन लाल भील पालिका अध्यक्ष दिनेश तेली, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र माली, चौकी प्रभारी रेवत सिंह,नगर पालिका अधिशासी अधिकारी कृष्णगोपाल माली विद्युत विभाग के सहायक अभियंता गिर्राज मीणा व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय रुइया सहकारी समिति अध्यक्ष अरविंद चौधरी संतोष पारीक, विश्व हिंदू परिषद तहसील अध्यक्ष जगदीश प्रसाद झंवर, सदर सिराजुद्दीन शेख पार्षद फकरु खा पठान बजरंग दल जिला अध्यक्ष शोभालाल जीनगर , बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष विद्या प्रसाद जोशी, नगर अध्यक्ष अमृतलाल पटवा ,विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष सुनील जोशी , भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष लखन माली, सुनील तिवारी, ओमप्रकाश खटीक, वफ बोर्ड अध्यक्ष यूसुफ मोहम्मद छिपा, फिरोज खान,कैलाश जाट, विनय लक्षकार, संदीप जोशी घनश्याम लक्षकार सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

भाजपा महिला मोर्चा अजमेर देहात का जिला प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

गरीबों का सितारा

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। शहर के निकवर्ती विजयनगर में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अजमेर देहात का जिला प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ ' उक्त प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ भाजपा अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतडा के कल कमलों से हुआ ' प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत अलग-अलग सत्र में प्रदेश सोशल मीडीया प्रभारी अनुपम गोयल, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री सरिता गैना, इन्द्रा राजपुरोहित एवं विधायक अनिता भदेल ने संगठन की कार्यप्रणाली से सरोकार कराते हुए पार्टी में महिलाओ की भागीरदारी बढाने के साथ भाजपा को मजबुत बनाने की अपील की ' उक्त अवसर पर ब्यावर से महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी यादव, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष तारा सोनी, लीला रावत, पुष्पा आसवानी, जिला मंत्री मंजु जांगिड, संगीता रावत, ललिता जालान, कंचन रावत, सीमा सेन, मंजु रावत, लक्ष्मी रावत सहित महिला शक्ति विद्यमान रही।

वाहनों के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगाना पड़ा भारी

पुलिस ने कार्रवाई कर काटे चालान

गरीबों का सितारा

मंडावर (राहुल जोशी)। मंडावर थाना पुलिस व यातायात पुलिस ने रविवार को संयुक्त रूप से कार्यवाही की।थानाधिकारी सचिन शर्मा ने बताया की रविवार को चौपहिया वाहन चालकों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की। जिसमे जिन चौपहिया वाहनों के शीशों पर ब्लैक फिल्म चढ़ी हुई थी। उन वाहनों से ब्लैक फिल्म हटाकर कार्यवाही की ओर उनके चालान काटे। थानाधिकारी ने बताया कि ब्लैक फिल्म के 5 व मोटर व्हीकल एक्ट के करीब 10 चालान काटे। गठित टीम में थानाधिकारी सचिन कुमार के निर्देशन में हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश, यातायात शाखा से हैड कांस्टेबल केशवदेव, कांस्टेबल धनपाल, सोमवीर, ब्रजमोहन,रामावतार, पूनाराम, मायादेवी, सरलेश ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की।

मकान में चोरी व फायरिंग करने वाली बावरिया गैंग गिरफ्तार

गरीबो का सितारा

वी.पी.मीणा (बहरोड़)। शाहजहांपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बावरिया गैंग को गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए थाना अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि 23 फरवरी को हरिओम राजपूत निवासी गादली ने पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया की रात्रि 2 बजे मेरे छोटे भाई विष्णु सिंह के मकान में अज्ञात चोर घुस गए। जो मकान से घरेलू सामान सहित जेवरात व नकदी चुरा ले गए। नींद खुलने पर पकड़ने लगा तो चोरों ने गोली चलाई जो अंकित के बाएं कंधे पर लगी व आंख पर चोट के निशान तथा गांव के व्यक्ति देवेंद्र शर्मा के घर में भी चोरी की गई थी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए झुंझुनू से चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए। आरोपियों से पूछताछ कर वारदात का खुलासा किया गया। जिसे रविवार को जिला कारागृह झुंझुनू से आरोपी संजय पुत्र करण सिंह बावरिया 33 वर्षीय हंस कानॉली फतेहाबाद, अर्जुन पुत्र सहदेव उर्फ गंजा बावरिया निवासी भिवानी हरियाणा को तथा उप कारागृह खेतड़ी से आरोपी रामकुमार पुत्र रमेश चंद बावरिया 38 वर्षीय निवासी जेल के पास बहरोड़ को गिरफ्तार किया गया। जिनसे अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ जारी है।

गुलाबपुरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

विभिन्न मुकदमों के 85 वांछित अपराधियों को किया गिरफ्तार

अपराधियों में मचा हड़कंप

गरीबों का सितारा

गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव। स्थानीय पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुलाबपुरा सर्किल के 85 विभिन्न मामलों के अपराधियों को गिरफ्तार किया ' जिससे अपराधियों में हडकम्प मच गया ' गुलाबपुरा पुलिस ने अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए विभिन्न मुकदमों में वांछित व अन्य बदमाशो को किया गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक लोकेश मीणा के नेतृत्व में थाना सीआई गजराज जाट ने कार्रवाई करते हुए गुलाबपुरा थाने के 50 अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस उपाधीक्षक मीणा ने बताया कि आबकारी, अवैध खनन, एनडीपीएस के प्रकरण भी दर्ज किए गए है। गुलाबपुरा सर्किल के कुल 85 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय के ध्येय वाक्य पर कार्रवाई करते हुए की गई पुलिस की कार्रवाई से गुलाबपुरा व आसपास के अपराधियों में हड़कम्प मच गया है ।

रामायण मंडल द्वारा आयोजित अखंड रामायण पाठ हुआ संपन्न

गरीबों का सितारा

गंगापुर/ दिनेश लक्षकार। रामायण मंडल के तत्वाधान में इला जी का चौक स्थित चारभुजा मंदिर पर रविवार को अखंड रामायण का पाठ का समापन हुआ। मंडल के शंकरलाल लोहिया ने बताया कि चारभुजा नाथ मंदिर में शनिवार सुबह प्रातः 8:00 बजे से अखंड रामायण मंडल का पाठ प्रारंभ हुआ जो 24 घंटे के बाद सम्पन्न हुआ। बड़ी संख्या में भक्तजन पधार कर रामायण मंडल के अखंड रामायण पाठ के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए हैं। मंडल के रामनारायण वैष्णव ने बताया कि रामायण पाठ में सर्वप्रथम बालकांड, अयोध्या कांड ,अरण्य कांड, किष्किंधा कांड, सुंदरकांड ,लंका कांड और उत्तरकांड पाठ करके अखंड रामायण का पाठ निर्विघ्न संपन्न हुआ।जिसमें जगदीश झवर, फतहराम काबरा, लादू लाल जागेटिया, हरि शंकर अग्रवाल, राजकुमार वैष्णव, सुनील जोशी, अरविंद चौधरी, किशन वैष्णव, सत्यनारायण चेचानी, राजकुमार सेन, रतन लाल शर्मा ,कैलाश सोमानी ,राजेश समदानी ,चमन लोसर ,लोकेश कोठारी ,पवन लोहिया, पवन समदानी, नंदकिशोर तेली, दिनेश श्रोत्रिय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु अखंड रामायण पाठ में भाग लिया।

धर्म की जड़ें पाताल से भी गहरी होती है: धनराज गुर्जर

गरीबों का सितारा

बिजयनगर/ रामकिशन वैष्णव। निकटवर्ती ग्राम मसूदा देवास पंचायत के रीछमाल धूणी हेमाजल की डूंगरी में 12 सौ वर्ष पुरानी महादेव जी की धूणी (पूजा स्थल) पर 27 मार्च से चल रहे महाविशाल महायज्ञ में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य धनराज गुर्जर ने भाग लिया व धूणी के दर्शन कर संत महात्माओं का आशीर्वाद लिया । श्री श्री 108 प्रमोद गिरी महाराज के सानिध्य में आयोजित महायज्ञ 27मार्च से 06 अप्रैल तक चलेगा। महायज्ञ में पंडित कमल किशोर जी शास्त्री के मुखारविन्द से श्रीमद्भागवत कथा चल रही है! इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य धनराज गुर्जर का आयोजन समिति द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया ' भाजपा नेता गुर्जर ने कार्यक्रम में कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से हिंदू समाज में एकता, सद्भावना बढती है एवं धर्म की जड़ें पाताल से भी गहरी होती है' इस दौरान साधु संत महात्मा व यज्ञ समिति के लालाराम वैष्णव, तेजमल गुर्जर, देवास की सरपंच गीता देवी , सहित आस पास के ग्रामीण, श्रद्धालु मौजूद रहे।

प्राज्ञ पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

गरीबों का सितारा

गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव। स्थानीय श्री प्राज्ञ पब्लिक स्कूल में पाँचवा वार्षिकोत्सव शनिवार रात्रि मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि उत्तमराज दुलराज बंट, श्रीमती तारा बोहरा ,प्रेमराज बोहरा, मंजुलता बांटीया ने दीपप्रज्वलन कर शुभारम्भ किया। समारोह में सभी विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दी । विद्यालय गतिविधियों में श्रेष्ठ रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्री प्राइमरी में बेस्ट बॉय अरहम जैन, बेस्ट गर्ल आराध्या धनफूले राइटिंग में बिन्सी सिंह, गायन में राघव दाधीच, नृत्य में लवी शर्मा व प्राइमरी सेक्शन में बेस्ट बॉय यशदीप सिंह, बेस्ट गर्ल निकिता शेखावत, मोस्ट एक्टिव अवार्ड नयोनिका मिश्रा, गायन में भूमिका दाधीच, नृत्य में अदा खान, को पुरस्कृत किया गया ' विद्यार्थियों ने किसान की लाइफ, फौजी की लाइफ, बॉलीवुड थीम, स्कूल थीम, नारी शक्ति थीम पर शानदार प्रस्तुति दी ' वर्ष भर की सभी गतिविधियों की जानकारी प्रधानाचार्य धीरज कुमार शर्मा ने दी ' समारोह में सुरेंद्र पीपाड़ा ने आगामी सत्र में सभी विधार्थियों को फ्री पुस्तके देने की घोषणा की ' समोराह में राजेंद्र संचेती, देवेंद्र रांका, रतनलाल चोरड़िया, सुनील लोढ़ा, चैन सिंह चपलोत, सु श्री अमीषा तातेड़, रेखा डांगी, हनुमान बरडिया सहित गणमान्यजन व अभिभावकों ने सहभागिता की। नवल सिंह जैन निदेशक प्राज्ञ ग्रुप ऑफ इंस्टीटूट नेसभी सदस्यो व अभिभवकों का आभार जताया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

असंतुलित कार पलटने से एक की मौत, महिला बच्ची सहित तीन घायल

जहाजपुर। आजाद नेब धाधोला चौराहे के पास असंतुलित होकर 20 कार पलट गई जिसमें एक युवक की मौत हो गई व तीन गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर घायलों को अस्पताल पहुंचाया प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को भीलवाड़ा रेफर किया? मृतक युवक के शव को रखवाया मोर्चरी में रखवाया गया। हादसे की जानकारी के बाद पुलिस उपाधीक्षक हंसराज बैरवा व थानाधिकारी दुलीचंद गुर्जर मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। थानाधिकारी दूलीचंद गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के धाधोला चौराहे के पास 20 कार असंतुलित होकर पलट गई जिसमें अब्दुल कलीम पिता अब्दुल सलीम अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में शालू अंसारी पत्नी अब्दुल कलीम अंसारी, दानियाल पिता अब्दुल कलीम अंसारी, जोयब हुसैन पिता मोहम्मद सलीम निवासी माणिक्य नगर थाना भीमगंज भीलवाड़ा गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक व घायलों को जहाजपुर अस्पताल पहुंचाया गया हैं जहां घायलों का उपचार शुरू हुआ वहीं मृतक युवक अब्दुल कलीम को चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया बाद मृतक युवक के शव को मोर्चरी मे रखवाया गया। हादसे में गंभीर घायल होने पर शालू अंसारी, दानियाल व जोयब हुसैन को गंभीर होने पर भीलवाड़ा के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक सभी घायल व मृतक भीलवाड़ा से देवली जा रहे थे मृतक अपनी पत्नी को छोड़ने के लिए देवली जा रहे थे कि बीच रास्ते में ही हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी इस्लाम मोहम्मद व इकराम मोहम्मद अपनी गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे मौके पर 108 एंबुलेंस नहीं होने पर अपनी गाड़ी से लेकर जहाजपुर अस्पताल पहुंचे।

कारोई पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 19 अपराधियों को किया गिरफ्तार

गरीबों का सितारा

गुरला। कारोई थाना प्रभारी हंसपाल सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू के निर्देशन में बड़ी कार्रवाई करते हुए, हिस्ट्रीशीटर, शातिर बदमाश ,गैंगस्टर ,मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले आरोपी व क्षेत्र में शांति भंग करने वाले आपराधिक तत्वों को विशेष ऑपरेशन के तहत 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, दो आरोपी मोटर व्हीकल एक्ट, एक आरोपी एनडीपीएस मामले में, तीन हिस्ट्रीशीटर व अन्य को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया।

आसींद पुलिस की दबिश 1200 लीटर वाश नष्ट, एक डीजे जप्त

गरीबों का सितारा

आसींद। रविवार को आसींद पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान अलग-अलग टीमों द्वारा थाना सर्कल के अंतर्गत 29 संदिग्ध जगहों पर दबिश दी जाकर 3 एचएस सहित कुल 16 मुलजिमों को धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया जाकर एक प्रकरण आर्म्स एक्ट व दूसरा प्रकरण आरएनसी एक्ट में दर्ज किए गए तथा तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध बजरी के डिटेन किए। गठित टीम द्वारा स्थाई वारंटी नारायण पिता घिसा जाति जाट निवासी ब राना के निवास व संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी गई । दबिश के दौरान स्थाई वारंटी के खेत पर एक लाल टोपीदार बिना नंबरी बंदूक मिली जिसको जप्त किया गया। दूसरी और थाना सर्कल में विभिन्न जगह दबीस दी जाकर ग्राम धरडीया के संदिग्ध जगहों के करीब 12 सौ लीटर वाश नष्ट की गई। इसी दबिश की कार्रवाई के दौरान ध्वनि प्रदूषण करने पर एक डीजे व एक टेप स्पीकर मय मेमोरी कार्ड को जप्त किया गया, दबिश की अगली कार्रवाई के दौरान दो मोटरसाइकिल जप्त कर थाने खड़ी करवाई गई।

पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ अभियान

गरीबों का सितारा

गंगापुर/ दिनेश लक्षकार। अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास कायम करने के लिए गंगापुर पुलिस ने रविवार को मां अभियान चलाकर बदमाशों में हलचल मचा दी पुलिस ने कार्यवाही करते हुए क्षेत्र से 35 लोगों की गिरफ्तारी की है' पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा आदर्श सिद्धू, पुलिस अधीक्षक सहाड़ा गोवर्धन लाल,पुलिस उप अधीक्षक राहुल जोशी के निर्देशन व थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार के द्वारा अलग-अलग टीमों का गठन कर सर्कल में जगह-जगह दबिश देखकर आर्म्स एक्ट के तहत एक प्रकरण दर्ज कर एक मुलजिम को गिरफ्तार कर दो अवैध हथियार टोपीदार बंदूक जप्त किए,दो प्रकरण राज.आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज कर दो मुलजिम गिरफ्तार किए जाकर देशी शराब के 96 पवे जप्त किए जाकर ग्राम आलोली में दबिश देकर अवैध हाथ कसीद शराब करीब 200 लीटर भरे हुए व बनाने की भटियो मय उपकरण के नष्ट की गई । जुआ अधिनियम के तहत 2 प्रकरण दर्ज कर जुआ राशि 880 रुपए जप्त की गई इसके अतिरिक्त थाना टीम द्वारा एक स्टैंडिंग वारंटी व 11 गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार किए गए। शांतिभंग में कुल 16 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए । वसूली वारंट में एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया । इस प्रकार रविवार को विशेष अभियान के तहत प्रकरण दर्ज कर विभिन्न वारंटो में कुल 35 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए। पुलिस गिरफ्तार व्यक्तियों से विशेष पूछताछ की जा रही है।

प्रदेश पदाधिकारी बैठक को राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने संबोधित किया

अपराध चरम पर, खनन माफियाओं का गढ़, तुष्टिकरण की पराकाष्ठा यही सब किया गहलोत सरकार ने पिछले चार सालों के शासन में : अरूण सिंह

कांग्रेस की दमनकारी नीतियों के खिलाफ राजस्थान की जनता की आवाज बुलंद करेगी भाजपा : सी.पी. जोशी

विश्व की सबसे बडी पार्टी भाजपा प्रत्येक देशवासी का विश्वास जीत चुकी है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल्याणकारी नीतियों के कारण संभव : चंद्रशेखर

गरीबों का सितारा

जयपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश पदाधिकारी बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, प्रदेश मोर्चा अध्यक्षों को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह एवं संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने संबोधित किया। बैठक में प्रदेश सह-प्रभारी विजया रहाटकर, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, मदन दिलावर, सुशील कटारा मौजूद रहे। सीपी जोशी ने कहा कि आगामी दिनों में भाजपा जिलों में जन आक्रोश के माध्यम से कांग्रेस सरकार के साढ़े चार साल के कार्यकाल में किये गए जन विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। पेपर लीक, बिगडती हुई कानून व्यवस्था, बेलगाम अपराध, महिला सुरक्षा, 2018 के विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस ने किसानों की कर्जमाफी, बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता, संविदाकर्मियों को नियमितिकरण का वादे इत्यादि को लेकर जनता के समक्ष जाएगी। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बांटने की राजनीति की है, 1984 में सिख भाई-बहनों का नरसंहार कांग्रेस के शासन में हुआ, आतंकवादियों को प्रश्रय व संरक्षण कांग्रेस सरकार के समय हुआ। शांतिप्रिय राजस्थान में साढ़े चार वर्ष में सौहार्द बिगाडने वाले लोगों को सरकार संरक्षण दे रही है। कांग्रेस सरकार का खत्म होता जनाधार के कारण मुख्यमंत्री गहलोत कभी तुष्टिकरण की राजनीति करते है, कभी खालिस्तान की बात करते है। मुख्यमंत्री गहलोत 2023 के विधानसभा चुनाव में 156 सीट जीतने की बात करते है, जबकि कांग्रेस के विधायक, मंत्री साढ़े चार साल के कार्यकाल पर प्रश्न चिन्ह उठा चुके हैं तो सरकार दुबारा बनने की संभावना ही नहीं है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दो बार के कार्यकाल में विधानसभा की 21 और 56 सीटें ही कांग्रेस जीत पाई। राजस्थान की जनता कांग्रेस सरकार को 2023 के विधानसभा चुनाव में जवाब देगी, भाजपा को प्रचंड जनादेश मिलेगा। अरूण सिंह ने प्रदेश पदाधिकारियों, प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष, जिला प्रभारी और जिला अध्यक्षों को बैठक में आगामी कार्ययोजना के बारे में बताया। गहलोत सरकार देश विरोधियों का समर्थन करने वालों को संरक्षण देती है, साढ़े चार सालों में प्रदेश खनन माफियाओं को गढ़ बन चुका है, बिगडी कानून व्यवस्था के कारण प्रदेश में अपराध चरम पर पहुंच चुका है, प्रदेश की गहलोत सरकार युवा विरोधी, महिला विरोधी, किसान विरोधी व दलित विरोधी सरकार है भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, विधायक, सांसद एवं जनप्रतिनिधि एवं सभी कार्यकर्ता चुनावी वर्ष में पूरी एकजुटता के साथ मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने वाले सड़क से लेकर सदन तक प्रदेश की 8 करोड़ जनता के हितों की आवाज को बुलंद करेगी और 2023 में सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। चन्द्रशेखर ने कहा कि भाजपा के प्रति आमजन में विश्वास बढ़ रहा है। भाजपा करोडों कार्यकताओं की संख्या के साथ दुनिया की सबसे बडा राजनीतिक दल बन चुका है, केन्द्र में भाजपा की प्रचण्ड बहुमत वाली सरकार भारत के नवनिर्माण में 365 दिन 24 घंटे काम कर रही है, भाजपा का जनता में विश्वास मजबूत हुआ है, कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा रिपिट होने वाली पार्टी बन चुकी है, इससे यह स्पष्ट होता है कि देश की जनता का प्रेम और विश्वास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ है, जो हर बार स्पष्ट जनादेश के रूप में भाजपा को मिलता है। आगामी कार्ययोजना के बारे में भाजपा द्वारा राजस्थान में अल्पकालीन विस्तारक शुरू करने जा रही है, इस अभियान में अल्पकालीन विस्तारकों को ह्वनमो वॉलंटियरह्व नाम दिया गया है। यह अभियान 1 अप्रैल से शुरू होकर 10 अप्रैल तक राजस्थान 200 विधानसभाओं में चलाया जाएगा। 6 अप्रैल को 1126 मंडलों पर भाजपा स्थापना दिवस मनाएगी, 4 अप्रैल से 14 अप्रैल तक सामाजिक न्याय सप्ताह कार्यक्रम किया जाएगा। 51 हजार 127 बूथों पर बूथ सशक्तिकरण अभियान चलाया जाएगा। 11 अप्रैल को ज्योतिबाफुले दिवस एवं 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर प्रदेश के सभी शक्ति केन्द्रों पर मनाई जाएगी। कमलोत्सव अभियान की भी शुरूआत की जाएगी, जिसमें भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव ढाणी-ढाणी जाकर पार्टी का प्रचार प्रसार करेंगे और केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनजन तक पहुंचाएंगे।

रामगढ़ विद्युत विभाग ने मार्च महीने में की 101.6% वसूली

विद्युत विभाग के कर्मचारियों का किया गया सम्मान

गरीबों का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। अलवर के रामगढ़ कस्बे के बस स्टैंड पर स्थित विद्युत विभाग कार्यालय में कर्मचारी सम्मान समारोह रखा गया। उक्त सम्मान समारोह मार्च महीने की वसूली अभियान में पूरे डिवीजन में रामगढ़ के प्रथम स्थान आने पर रखा गया । जयपुर विद्युत निगम ने मार्च महीने में सौ परसेंट बकाया बिलों में वसूली करने के आदेश दे रखे थे लेकिन रामगढ़ के अधिकारी व कर्मचारियों की मेहनत से 101.6 परसेंट वसूली की गई । पूरे डिवीजन में रामगढ़ प्रथम स्थान पर रहा है इसलिए सभी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है । बकाया बिल वसूली अभियान में टेक्निकल हेल्पर वे तकनीकी सहायकों का विशेष योगदान रहा ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलवर अधीक्षण अभियन्ता के पीए मनोज शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिशासी अभियंता महेश देशवाल के द्वारा की गई । इस मौके पर सहायक अभियंता राजेश माथुर , सहायक अभियंता ओम प्रकाश अग्रवाल , कनिष्ठ अभियंता हेमंत वर्मा , कनिष्ठ अभियंता सोनू शर्मा , कनिष्ठ अभियंता अमित चौधरी सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

असंतुलित कार पलटने से एक की हुई मौत, तीन घायल

गरीबों का सितारा

जहाजपुर/ आजाद नेब। धाधोला चौराहे के पास असंतुलित होकर आई 20 कार पलट गई जिसमें एक युवक की मौत हो गई व तीन गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर घायलों को अस्पताल पहुंचाया प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को भीलवाड़ा रेफर किया? मृतक युवक के शव को रखवाया मोर्चरी में रखवाया गया। हादसे की जानकारी के बाद पुलिस उपाधीक्षक हंसराज बैरवा व थानाधिकारी दुलीचंद गुर्जर मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली थानाधिकारी दूलीचंद गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के धाधोला चौराहे के पास 20 कार असंतुलित होकर पलट गई जिसमें अब्दुल कलीम पिता अब्दुल सलीम अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में शालू अंसारी पत्नी अब्दुल कलीम अंसारी, दानियाल पिता अब्दुल कलीम अंसारी, जोयब हुसैन पिता मोहम्मद सलीम निवासी माणिक्य नगर थाना भीमगंज भीलवाड़ा गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक व घायलों को जहाजपुर अस्पताल पहुंचाया गया हैं जहां घायलों का उपचार शुरू हुआ वहीं मृतक युवक अब्दुल कलीम को चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया बाद मृतक युवक के शव को मोर्चरी मे रखवाया गया। हादसे में गंभीर घायल होने पर शालू अंसारी, दानियाल व जोयब हुसैन को गंभीर होने पर भीलवाड़ा के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक सभी घायल व मृतक भीलवाड़ा से देवली जा रहे थे मृतक अपनी पत्नी को छोड़ने के लिए देवली जा रहे थे कि बीच रास्ते में ही हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी इस्लाम मोहम्मद व इकराम मोहम्मद अपनी गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे मौके पर 108 एंबुलेंस नहीं होने पर अपनी गाड़ी से लेकर जहाजपुर अस्पताल पहुंचे।

श्री करणी क्लब फाउंडेशन ने केसरिया महापंचायत में की जलसेवा

आए हुए बंधुओं के लिए की आरओ युक्त जल व्यवस्था

गरीबों का सितारा

जयपुर। रविवार को आयोजित केसरिया महापंचायत में श्री करणी क्लब फाउंडेशन द्वारा मिनरल वाटर की व्यवस्था संस्था के द्वारा की गई। राजधानी जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित केसरिया महापंचायत में राजस्थान नहीं अपितु पूरे भारतवर्ष से आए हुए समाज बंधुओं के लिए युवाओं ने की सेवादारी, तो वहीं केसरिया महापंचायत के तपती धूप के अंदर जिसमें लोगों ने जल व्यवस्था का लाभ उठाया। संस्था के प्रमुख राहुल भार्गव, जब्बर सिंह, प्रताप सिंह, रघुवीर सिंह, नवीन सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, निखिल सिंह, राजेंद्र सिंह, अरुण सिंह लाल सिंह, कंवरपाल सिंह आदि का सहयोग रहा। जबर सिंह ने बताया कि करणी क्लब फाउंडेशन सर्व समाज की एक संस्था है। कोई भी समाज का कार्यक्रम होगा तो श्री करणी क्लब फाउंडेशन हमेशा सहयोग रहेगा।

राजकीय सेवा में चयनित युवाओं का डागर ने किया सम्मान

गरीबों का सितारा

जयपुर। आमेर तहसील के ग्राम लक्ष्मीनारायणपुरा में राजकीय सेवा में चयनित युवाओं का उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर ने माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया। राजकीय सेवा में चयनित सोहन चौधरी, संजय बुनकर, सुरेश टोडावता, पवन सैनी, लोकेश सैनी का रेल्वे विभाग में एवं रवि कुमावत का पंचायती विभाग में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर चयन हुआ है । इस दौरान पूर्व उप सरपंच मनोज कुमावत, घनश्याम कुमावत, पूर्व वार्डपंच मोहन सैनी, राजेन्द्र कुमावत, राकेश चौधरी, रामफुल सैनी, राहुल सैनी, रामजीलाल मीणा, रोशन चौधरी, मामराज मीणा, मनिष कुमावत, दीनदयाल मीणा, पवन सैनी, अमर चौधरी, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

चौमूं विधानसभा: आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं की मीटिंग हुई आयोजित



गरीबों का सितारा

कालाडेरा (सुनील कुमार पाराशर)। आम आदमी पार्टी के चौमूं विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं की मीटिंग रविवार को ग्राम कालाडेरा स्थित सरस्वती मंदिर मे संपन्न हुई । उक्त मीटिंग सीकर लोक सभा चेयरमैन अशोक शर्मा के नेतृत्व में हुई ' मीटिंग में आम आदमी पार्टी की ओर से विधानसभा क्षेत्र चौमूं में बनाये जाने वाले 4 ब्लॉक अध्यक्षों के नामों को लेकर विचार विमर्श किया गया ' इस अवसर पर सीकर लोकसभा सचिव कालूराम अग्रवाल, आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक प्रत्याशी एडवोकेट पवन कुमार प्रजापति, एडवोकेट अमित शर्मा ओमप्रकाश कुमावत, पुष्कर सामोता, हेमंत अग्रवाल सोशल मीडिया प्रभारी, बनवारी शर्मा एडवोकेट, प्रभात चाहर, राकेश कुमावत ,जितेंद्र शर्मा, हेमंत कुमावत, दिलखुश शर्मा, महेंद्र खुटेटा सहित बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने गिर्राज देवंदा

गरीबों का सितारा

चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी की अनुशंसा पर ग्राम पंचायत नांगल कला निवासी गिर्राज देवंदा 'ङ्क कांग्रेस कमेटी चौमूं पश्चिमी ब्लॉक का अध्यक्ष मनोनीत किया है' कांग्रेस कार्यकताओं ने देवंदा के अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर खुशी जाहिर की है ' गौरतलब है कि गिर्राज देवदा पहले भी पार्टी सहित अनेक संगठनों, विभागों में पदाधिकारी रह चुके है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

खास
विशेष कवरेज

अच्छा खेलना है तो पूरी नींद लें खिलाड़ी

एथलीट बोले- भरपूर नींद प्रशिक्षण की दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा

कोच बोले- बढ़िया नींद अच्छा प्रदर्शन करने की सबसे बड़ी कुंजी

बढ़िया हेल्थ के लिए कम से कम आठ घंटे की नींद जरूर लें प्लेयर

वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए बेहद जरूरी गहरी नींद

अच्छे प्रदर्शन और बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रॉपर नींद लेना बेहद जरूरी है। खिलाड़ियों के लिए गहरी नींद उतनी ही जरूरी है, जितना उनका वर्कआउट। दुनिया के कई बेहतरीन कोच और एथलीट्स का कहना है कि भरपूर नींद उनके प्रशिक्षण की दिनचर्या का एक अनिवार्य हिस्सा है और उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करने की अहम कुंजी है। सेरेना विलियम्स हर रात आठ घंटे की नींद लेती हैं। एनबीए स्टार लेब्रोन जेम्स प्रति रात आठ से दस घंटे सोने का लक्ष्य रखते हैं, जबकि एनएफएल के दिग्गज टॉम ब्रैडी का कहना है कि वह जल्दी सो जाते हैं और कम से कम नौ घंटे की नींद लेते हैं। नींद चयापचय, ऊतकों (जैसे हमारी मांसपेशियों) की वृद्धि और मरम्मत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, और स्मृति, प्रतिक्रिया समय और निर्णय लेने की क्षमता की बेहतरी को सुनिश्चित करती है। खेल चिकित्सकों, कोच और खिलाड़ियों का कहना है कि बेहतर नींद से प्रदर्शन बेहतर होता है। इसके ढेर सारे फायदे मिलते हैं। खिलाड़ी एक्टिव रहता है।

एरोबिक फिटनेस

एरोबिक फिटनेस में सुधार के लिए व्यायाम बहुत अच्छा करना होता है। यह एरोबिक क्षमता (भारी भार के साथ तेजी से दौड़ने या साइकिल चलाने में सक्षम होना) और दक्षता (अर्थात) आपके शरीर को एक ही गति से चलने या साइकिल चलाने के लिए कम ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है) दोनों में सुधार करता है। शोध में पता चलता है कि खराब नींद स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है। एरोबिक फिटनेस में सुधार के लिए रात की अच्छी नींद लेना सबसे अच्छा है।

किस उम्र में कितने घंटे की नींद जरूरी

उम्र	नींद
0 से 3 माह	14 से 17 घंटे
4 से 11 माह	12 से 15 घंटे
1 से 2 साल	11 से 14 घंटे
3 से 5 साल	10 से 13 घंटे
6 से 13 साल	9 से 11 घंटे
14 से 17 साल	8 से 10 घंटे
18 से 25 साल	7 से 9 घंटे
26 से 64 साल	7 से 9 घंटे
65+	7 से 8 घंटे

मांसपेशी विकास

अगर आप ताकत या मसल्स बनाना चाहते हैं तो भरपूर नींद लें। मांसपेशियों की वृद्धि तब होती है जब मांसपेशियों की संरचना में नए प्रोटीन जोड़े जाते हैं- एक प्रक्रिया जिसे मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण के रूप में जाना जाता है। यह प्रक्रिया व्यायाम और भोजन (विशेष रूप से प्रोटीन) के सेवन से प्रेरित होती है, और कसरत के बाद कम से कम 24 घंटे तक रह सकती है। कुछ रातों की अपर्याप्त नींद भी पोषक तत्वों के सेवन के लिए मांसपेशियों के प्रोटीन संश्लेषण की प्रतिक्रिया को कम कर देती है। इसलिए अच्छी नींद लेना बेहद जरूरी है।

उपचय हार्मोन



हार्मोन रासायनिक संदेशवाहक के रूप में कार्य करते हैं जो पूरे शरीर में कई प्रकार के कार्यों में योगदान करते हैं, जैसे कि ऊतकों की वृद्धि और विकास। इन निर्माण प्रक्रियाओं में शामिल हार्मोन को एनाबॉलिक हार्मोन कहा जा सकता है। दो अनाबोलिक हार्मोन-टेस्टोस्टेरोन और वृद्धि हार्मोन, जो नींद के दौरान जारी होते हैं-व्यायाम से पुनर्प्राप्ति और अनुकूलन के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकते हैं। इन हार्मोनों की शरीर में कई भूमिकाएं होती हैं, और ये शरीर की बेहतर संरचना (कम शरीर वसा और उच्च मांसपेशी द्रव्यमान) से जुड़े होते हैं। अधिक मात्रा में मांसपेशी द्रव्यमान और कम बॉडी फैट व्यायाम और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है। जब नींद प्रति रात केवल पांच घंटे तक सीमित होती है, तो स्वस्थ युवा पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन का स्तर कम हो जाता है। इसलिए कम से कम आठ घंटे की नींद लेना जरूरी है।

अच्छी नींद कैसे लें

- सोने की एक सुसंगत आदत विकसित करें
- सोने से एक घंटा पहले मोबाइल, लैपटॉप व टीवी बंद कर दें
- सोने से पहले ऐसी चीजें करें जो आपको आराम करने में मदद करें जैसे कि किताब पढ़ना या आरामदायक संगीत सुनना
- सोने से पहले गुनगुने पानी से स्नान भी फायदेमंद हो सकता है

सोने का अच्छा माहौल बनाएं

- रात के दौरान रोशनी के संपर्क में आने से नींद की गुणवत्ता कम हो सकती है, इसलिए जितना हो सके रोशनी को कम करने की कोशिश करें।
- कमरे को ठंडा रखने का लक्ष्य रखें, लेकिन ज्यादा ठंडा नहीं।
- बहुत गर्म या बहुत ठंडा वातावरण नींद की गुणवत्ता को बाधित कर सकता है।

नींद की गुणवत्ता के लिए शारीरिक गतिविधि फायदेमंद होती है, इसलिए दिन में कुछ व्यायाम या शारीरिक गतिविधि को शामिल करने का प्रयास करें।

एक्सपर्ट व्यू

मानसिक विकास को अच्छी नींद जरूरी

-वीर सिंह आर्य, फाउंडर जनरल सेक्रेटरी, हरियाणा जंप रोप संघ

शरीर के विकास और दिमाग को तेज बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में नींद लेना बेहद जरूरी है। एक स्वस्थ युवा को 7 से 8 घंटे नींद जरूर लेनी चाहिए। बच्चों पर नींद का नकारात्मक और सकारात्मक प्रभाव अधिक पड़ता है। बच्चा कितने घंटे सो रहा है उसको अच्छी नींद आ रही है या नहीं यह उसकी हेल्थ पर डिपेंड करता है। उम्र के हिसाब से हर खिलाड़ी को सोना बहुत आवश्यक है। खिलाड़ी को अगर अच्छी नींद नहीं मिलती है तो उसके स्वास्थ्य और मानसिक विकास पर प्रभाव पड़ता है।

एक्सपर्ट व्यू

एक सुसंगत नींद कार्यक्रम

-डॉ. बलवान, योगा एवं नेचुरोपैथी, रोहतक

यह आपके सोने-जगने के चक्र को विनियमित करने में मदद करेगा, जो नींद की गुणवत्ता में सुधार से जुड़ा हुआ है। यदि आप अपनी फिटनेस में सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं तो सुनिश्चित करें कि आपको पर्याप्त अच्छी गुणवत्ता वाली नींद मिल रही है। हर रात कम से कम सात से नौ घंटे सोने का लक्ष्य रखें।

आईपीएल : पिछले साल की उपविजेता ने 72 रन से जीता मैच

राजस्थान की हैदराबाद पर ओवरऑल 9वीं जीत, चहल ने चटकाए चार विकेट

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

पिछले साल की उपविजेता राजस्थान रॉयल्स ने रविवार को यहां आईपीएल के एकतरफा मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 72 रन से पराजित किया। राजस्थान टीम ने 10वीं बार 200 या उससे ज्यादा के स्कोर को डिफेंड किया है। यह राजस्थान की हैदराबाद पर ओवरऑल 9वीं जीत है। दोनों टीमें 17 बार आमने-सामने हो चुकी हैं। हैदराबाद ने 8 मुकाबले ही जीते हैं। राजस्थान रॉयल्स ने शीर्ष तीन बल्लेबाजों के अर्धशतकों की बदौलत पांच विकेट पर 203 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फिर उसके गेंदबाजों ने इस लक्ष्य के दबाव में आई सनराइजर्स हैदराबाद को 20 ओवर में आठ विकेट पर 131 रन ही बनाने दिए। जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल की पावरप्ले में धमाकेदार अर्धशतकीय बल्लेबाजी और कप्तान संजू सैमसन ने 55 रन की रॉयल्स पारी खेली। ट्रेंट बोल्ट ने अपनी ख्याति के अनुरुप गेंदबाजी करते हुए पहले ही ओवर में दोहरे झटके देकर मेजबान टीम की उम्मीदों को करारा झटका दिया। फिर युजवेंद्र चहल ने प्रत्येक ओवर में एक-एक और कुल चार विकेट झटके। राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल में पावरप्ले में अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर 85 रन बनाया जो पहले 81 रन का था। पावरप्ले में यह किसी भी टीम का ओवरआल छठा सबसे बड़ा स्कोर भी है।

- बटलर, जायसवाल और कप्तान सैमसन का अर्धशतक

कोहली और डुप्लेसी ने दिलाई आरसीबी को जीत

भाषा ▶▶ बेंगलुरु

अनुभवी विराट कोहली और कप्तान फाफ डुप्लेसी की आकर्षक अर्धशतकीय पारियों की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) रविवार को यहां मुंबई इंडियंस को 22 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। आरसीबी के सामने 172 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य था लेकिन कोहली (49 गेंदों पर नाबाद 82 रन, छह चौके, पांच छक्के) और (डुप्लेसी (43 गेंदों पर 73 रन, पांच चौके, छह छक्के) ने पहले विकेट के लिए 148 रन जोड़कर उसे बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आरसीबी ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 172 रन बनाकर आसानी से जीत दर्ज की। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए उतरे मुंबई का स्कोर छठे ओवर में तीन विकेट पर 20 रन था। बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने यहीं से अकेले जिम्मेदारी संभाली और 46 गेंदों पर नाबाद 84 रन बनाए जिसमें नौ चौके और चार छक्के शामिल हैं। वर्मा ने नेहल वढेरा (13 गेंदों पर 21 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 50 रन और अरशद खान (नौ गेंदों पर नाबाद 15 रन) के साथ सातवें विकेट के लिए 17 गेंदों पर 48 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर सात विकेट पर 171 रन तक पहुंचाया। आरसीबी ने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य के सामने अच्छी शुरुआत की और पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 53 रन बनाए। डुप्लेसी ने इंपैक्ट प्लेयर जेसन बेहरनडॉर्फ पर लगातार दो छक्के लगाए जबकि कोहली ने जोफ्रा आर्चर का स्वागत चौके और छक्के से किया। डुप्लेसी ने कैमरन ग्रीन पर दो चौके और फिर छक्का जड़कर रोहित शर्मा को सोचने के लिए मजबूर कर दिया। डुप्लेसी ने रितिक शौकीन पर लगातार दो छक्के लगाए।

- अपने घर में आठ विकेट से जीता बेंगलुरु
- लगातार 10वें सीजन में पहला मैच हारी मुंबई

घर में पहली जीत दर्ज करने उतरेगा चेन्नई

चेन्नई। पहला मैच हारने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर सोमवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य इस सत्र में जीत का खाता खोलने का होगा। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चार बार की चैम्पियन टीम यहां चार साल बाद लौटी है। दर्शकों में इसे लेकर काफी उत्साह है और पूरा स्टेडियम कल चेन्नई के पीले रंग में रंगा रहेगा। रुतुराज गायकवाड़ की शानदार पारी के बावजूद चेन्नई को पहले मैच में गुजरात टाइटंस ने हराया। चेन्नई के प्रशंसकों को बाकी बल्लेबाजों से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो पहले मैच में नाकाम रहे थे। आईपीएल नीलामी में 16 करोड़ 25 लाख रुपए में खरीदे गए इंग्लैंड के सुपरस्टार बेन स्टोक्स पहले घरेलू मैच में अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे। बीच के ओवरों में धीमी रनगति के अलावा गेंदबाजों का फॉर्म भी धोनी की चिंता का सबब है। चेन्नई के लिए राहत की बात यह है कि मैच एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर हो रहा है जहां स्पिनरों की भूमिका अहम हो सकती है। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच दस दिन पहले यहां खेले गए तीसरे वनडे में ऐसा ही देखा गया था।

चेपॉक स्टेडियम पर लखनऊ के खिलाफ मैच
आज शाम 7.30 बजे

फार्म में लखनऊ के खिलाड़ी

दूसरी ओर केएल राहुल की अगुवाई वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स पर भारी अंतर से जीत दर्ज की। काइल मायर्स ने तूफानी बल्लेबाजी की तो मार्क वुड ने पांच विकेट चटकाए। बल्लेबाजी में मायर्स के अलावा कप्तान राहुल, निकोलस पूरन और मार्कस स्टोइनिस पर भी नजरें होंगी। वहीं गेंदबाजी में वुड के साथ रवि बिश्नोई और के गौतम की भूमिका अहम रहेगी।

मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता बनीं सिंधू, तुनजुंग ने जीता खिताब

- विश्व की 12वें नंबर की खिलाड़ी तुनजुंग से 8-21, 8-21 से मिली हार

मैड्रिड। भारत की पीवी सिंधू रविवार को यहां मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से सीधे गेम में हार गई। चोट के कारण पांच महीने तक बाहर रहने के बाद वापसी करने पर शुरुआती दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रहने के कारण पिछले मंगलवार को शीर्ष 10 से बाहर होने वाली सिंधू फाइनल में किसी भी समय लय में नहीं दिखी और विश्व की 12वें नंबर की खिलाड़ी तुनजुंग से 8-21, 8-21 से हार गई। इस फाइनल से पहले सिंधू का इंडोनेशिया की 23 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ रिकॉर्ड 7-0 था लेकिन वह मैच में दबदबा बनाने में असफल रही और इस तरह से पिछले आठ महीनों में पहला खिताब जीतने का उनका सपना चकनाचूर हो गया। सिंधू फाइनल में भले हार गई लेकिन लंबे समय बाद खिताबी मुकाबले में जगह बनाने से उनका वर्ष के आगामी टूर्नामेंट के लिए आत्मविश्वास बढ़ेगा।

आठ रन के लक्ष्य को श्रीलंका ने हासिल कर लिया

श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को सुपर ओवर में हराया

एजेंसी ▶▶ आकलैंड

श्रीलंका ने पहले टी20 मैच में न्यूजीलैंड को सुपर ओवर में हरा दिया जबकि पुछल्ले बल्लेबाज ईश सोढ़ी ने 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर मैच को सुपर ओवर में खिंचा था। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 196 रन बनाए। न्यूजीलैंड को आखिरी ओवर में 13 रन चाहिए थे। सोढ़ी श्रीलंकाई कप्तान दासुन शनाका की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर मैच को टाइब्रेकर में ले गए। सुपर ओवर में न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिशेल, जिम्मी नीशाम और मार्क चैपमैन उतरे जबकि श्रीलंका ने महीश तीक्षणा को गेंदबाजी सौंपी। मिशेल ने पहली गेंद पर एक रन लिया। दूसरी गेंद वाइड थी और तीसरी गेंद पर नीशाम आउट हो गए। चैपमैन ने दो रन लिए, फिर चौका लगाया और आखिरी गेंद पर आउट हो गए। श्रीलंका के लिए कुसल मेंडिस और चरित असालांका उतरे और गेंदबाज जिम्मी नीशाम थे। पहली गेंद पर एक रन बना और दूसरी गेंद पर असालांका ने छक्का लगा दिया। अगली गेंद पर चौका लगाकर उन्होंने श्रीलंका को रोमांचक जीत दिलाई।

मैंने अपनी उपयोगिता साबित कर दी : मायर्स

लखनऊ। लखनऊ सुपर जाइंट्स के नए खिलाड़ी काइल मायर्स ने आईपीएल के अपने पदार्पण मैच में 38 गेंद में 73 रन बनाने के बाद कहा कि उन्होंने अपनी उपयोगिता साबित कर दी है। लखनऊ ने उनकी पारी की बदौलत छह विकेट पर 193 रन बनाए। बाद में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने 14 रन देकर पांच विकेट चटकाये और लखनऊ ने 50 रन से जीत दर्ज की। मायर्स ने कहा, 'मैंने हमेशा आईपीएल खेलने का सपना देखा था और आज मौका मिला। मैं अच्छी शुरुआत करके अपनी काबिलियत दिखाना चाहता था और मैंने वही किया।'

मुक्केबाज मंदीप ने जीता चौथा पेशेवर मुकाबला



नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा ने विस्कोनसिन के मिलवायूकी में अमेरिका के रेयान रेबार को तकनीकी नॉकआउट से हराकर अपना चौथा पेशेवर मुकाबला जीता। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मंदीप (29 वर्ष) 2020 में पेशेवर बने थे जिसमें उनका रिकॉर्ड अब 4-0 हो गया है।अर्जुन पुरस्कार प्राप्त कर चुके मंदीप से हाल में अमेरिका के महान मुक्केबाज रॉय जोंस जूनियर ने अगले तीन साल के लिए पेशेवर सर्किट में मुक्केबाजी के लिये करार किया था। इससे मंदीप अमेरिका के इस महान मुक्केबाज से जुड़ने वाले देश के पहले मुक्केबाज बन गये। यह जोंस के मार्गदर्शन में उनका पहला मुकाबला था।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

असाध्य रोगों के लिए सर्वोत्तम प्राकृतिक पद्धति है इलेक्ट्रोपैथी

100 से अधिक पद्धतियों में महत्वपूर्ण स्थान रखती है इलेक्ट्रोपैथी पद्धति

पेड़ पौधे और हर्बल प्रोडक्ट होने के कारण पर्यावरण को बढ़ावा देती है यह पद्धति

अजमेर/ब्यावर (अनिल सिखवाल)। जिस तरह से आज के इस भौतिकवादी एवं आधुनिक युग में निरंतर विकास हो रहा है उसी विकास के साथ आज नित नए नए असाध्य रोग भी जन्म लेते जा रहे हैं व्यक्ति भागदौड़ एवं थकान भरी जिंदगी में मानसिक तनाव एवं विभिन्न रोग से ग्रस्त होते जा रहे हैं मानव जाति

के पृथ्वी पर आगमन के साथ ही अनेक आयुर्विद्याओ का उपयोग स्वस्थ निरोग रहने के लिए मानव जाति करने लगी थी साथ ही भांति भांति के विकास एवं विज्ञान की प्रगति ने आयुर्विज्ञान को भी अछूता नहीं छोड़ा और विभिन्न प्रकार की चिकित्सा पद्धति विकसित हुई वर्तमान परिपेक्ष्य में 100 प्रकार की चिकित्सा पद्धति आज दिखाई देती है यदि एक ही पद्धति अपने आप में पूर्ण होती तो आज इन अलग-अलग पद्धतियों की आवश्यकता नहीं होती वैसे भी सभी पद्धतियां अपना-अपना महत्व रखती है इस उद्देश्य से यदि देखा जाए तो इलेक्ट्रोपैथी पद्धति भी अपने आप में महत्वपूर्ण हैं अब तक की जितनी भी पद्धतियां आई उनमे से इलेक्ट्रोपैथी पद्धति अलग स्वरूप है कम समय में त्वरित गति से चारों और अपने पंख पसार रही है साथ ही लोगों के इलाज के लिए सबसे कारगर हो रही है ।



यूं हुआ इलेक्ट्रोपैथी पद्धति का जन्म

गरीबों का सितारा समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ ने जब डॉ अनुराग जटिया से पूछा कि इलेक्ट्रोपैथी के जन्मदाता कौन है ? और कैसे चली तब श्रीजटिया का कहना है कि काउंट सीजर मैटी ने इलेक्ट्रो होमियोपैथी चिकित्सा विज्ञान को जन्म दिया जिसे वर्तमान में इलेक्ट्रोपैथी के नाम से जाना जाता है इस चिकित्सा पद्धति के नाम को लेकर कई बार लोगों भिन्न प्रकार की भ्रांतियां अपने मन में पालते हैं साथ ही लोग ऐसा भी सोचते हैं कि क्या यह कोई करंट थेरेपी है जिसमें उपचार के लिए इलेक्ट्रिक करंट दिए जाते हैं जबकि वास्तविकता यह है कि यह न तो करंट थेरेपी है और ना ही होम्योपैथी का कोई नया रूप है यह अपने आप में एक नवीन चिकित्सा पद्धति है।

आखिर इलेक्ट्रोपैथी पद्धति क्यों अपनाएं

डॉ अनुराग जटिया का कहना है कि अधिकांश लोग यह सवाल करते हैं कि वर्तमान समय में आयुर्वेद, एलोपैथी, होम्योपैथी जैसी अनेक विकसित पद्धतियां प्रचलित है फिर क्यों इलेक्ट्रोपैथी दवाओं का सेवन करें क्यों इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा ही बने इसका जवाब यह है कि विज्ञान हमेशा श्रेष्ठतम की खोज में रहता है विज्ञान के द्वारा किया गया सबसे बाद का आविष्कार ही श्रेष्ठ माना जाता है इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा विज्ञान की सबसे कम उम्र की पद्धति हैं काउंट सीजर मैटी का यह कोशिश रही है कि उस समय में प्रचलित सभी पद्धतियों के अवगुणों से छुटकारा कैसे मिले इस विचार ने इलेक्ट्रोपैथी को जन्म दिया नो साइड इफेक्ट ओनली इफेक्ट यह पद्धति मरीजों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रही है।

यू समझे इलेक्ट्रोपैथी पद्धति को

वास्तव में यहां इलेक्ट्रो एवं होम्यो शब्द प्रयुक्त होने के कारण भ्रांति स्वाभाविक है लेकिन यहां पर इन दोनों को ही भिन्न प्रकार के अर्थ में प्रयुक्त किया है इलेक्ट्रो शब्द इलेक्ट्रिसिटी के अर्थ में तथा होमियो समानता के अर्थ में प्रयोग हुआ है इलेक्ट्रो मनुष्य शरीर एवं वनस्पति में भगवान के द्वारा दी हुई दो शक्तियां होती है पहले धनात्मक दूसरी ऋण आत्मक इन्हें शरीर की इलेक्ट्रिसिटी कहते हैं यह धनात्मक एवं ऋण आत्मक शक्तियां जब शरीर में समान होती हैं तो वह स्वस्थ अवस्था कहलाती हैं।

- **होमियो:** यह एक लैटिन शब्द है जिसका अर्थ है समानता अर्थातकिसी असमानता को समानता में बदलना यहां होमियो शब्द का उपयोग किया गया होमियो शब्द का होम्योपैथी चिकित्सा से कोई संबंध नहीं है
- **पैथी:** इसका अर्थ है पद्धति अथवा साइंस।

गंभीर और असाध्य रोगों के निवारण हेतु वरदान है यह पद्धति

वैसे देखा जाए तो पूर्ण रूप से प्रकृति यह पद्धति वैसे तो शरीर के सभी रोगो से लड़कर उनको खत्म करने मे कारगर है लेकिन ऐसा दे रोगों के लिए भी सबसे बेहतर मानी जाती है इलेक्ट्रोपैथी की सभी दवाई केवल पौधों के रसों से बनी हुई है अर्थात शत-प्रतिशत पूर्ण रूप से हर्बल दवाएं हैं इलेक्ट्रोपैथी की सभी दवाई केवल पौधों के रसों से बनी हुई है अर्थात यह शत-प्रतिशत पूर्ण रूप से हर्बल दवाएं हैं इलेक्ट्रोपैथी दवाई मानव के लिए हानि रहित है इन दवाओं का हानि कारक प्रभाव नहीं है अर्थात शरीर पर किसी प्रकार का साइड इफेक्ट नहीं होता है इलेक्ट्रोपैथी दवाई नवीन रोगों पर शीघ्र प्रभावी है गंभीर से गंभीर रोगों के निवारण में उपयोगी है यह पद्धति।

बीकानेर कलाकार टीम ने अपना घर सेवा आश्रम में बच्चो को दिये जरूरतमंद सामान

गरीबों का सितारा

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। बीकानेर कलाकार टीम अपने सेवा प्रकल्प को आगे बढ़ाते हुए आज अपना घर सेवा आश्रम पवनपुरी में बच्चो के जरुरत के सामान भेंट किए दीपिका बोथरा ने बताया आने वाली गर्मियों को देखते हुए बच्चों के लिए पंखे पानी ठंडा रहने के लिए कैम्पर और रोजमर्जा के जीवन में काम आने वाले सामना भेट किए गए बीकानेर कलाकार टीम समय समय पर सेवा के प्रकल्प करता रहता है इस नेक कार्य में विनय हर्ष ,अजय सिंह ,असलम खान, असलम अली ,आशीष भाटी, सुधा चौधरी ,मानसी जयपाल ,ज्ञानू पुरोहित ,मुकेश उपाध्याय ,मोहित कटेला ,राकेश कुमार ,राम चंद्र मौजूद रहे।

बीकानेर प्रेस क्लब के चुनाव सम्पन्नः भवानी जोशी अध्यक्ष कुशाल सिंह मेड़तिया महासचिव कोषाध्यक्ष सुमित व्यास

गरीबों का सितारा

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। बीकानेर प्रेस क्लब के रविवार को चुनाव सम्पन्न हुए। कुल 133 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दिनभर मतदान के बाद शाम को नतीजे घोषित किये गये। घोषित नतीजों के मुताबिक अध्यक्ष पद के लिए भवानी जोशी को 77 मत मिले। जबकि उनके प्रतिद्वन्द्वी नीरज जोशी को 52 मतों से संतोष करना पड़ा। ऐसे में भवानी जोशी को 25 मतों से अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।इसी प्रकार से महासचिव पद के लिए कुशाल सिंह मेड़तिया

को 71 मत मिले। जबकि उनके प्रतिद्वन्द्वी धीरज जोशी को 50 मत मिले। ऐसे में मेड़तिया को महासचिव पद के लिए 21 मतों से निर्वाचित घोषित किया गया।जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए सुमित व्यास को 78 और नरेश मारू को 55 मत मिले। ऐसे में व्यास को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।दूसरी ओर बीकानेर के प्रेस क्लब के चुनाव में पहली दफा इस बार ऐसा हुआ है कि परम्परा को तोड़ते हुए क्लब के पदाधिकारी विजयी हुए है। अब तक प्रेस क्लब के पदाधिकारी शहर परकोटे से ही चुनते आ रहे है।



बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए करने होंगे समन्वित प्रयास -ऊर्जा मंत्री

गरीबों का सितारा

जयपुर। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि आज के दौर में बेटियां किसी से कम नहीं हैं। बेटियों ने प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। ऊर्जा मंत्री राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में बीकानेर की रामपुरा बस्ती में आयोजित में बालिका सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली बेटियों को प्रोत्साहित करना अच्छी पहल है। इससे दूसरी बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा, खेल और विज्ञान सहित प्रत्येक क्षेत्र में बेटियां सफलता के आयाम स्थापित कर रही हैं। उन्होंने बेटियों को पढ़ाने और आगे बढ़ने के भरपूर अवसर देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं। वे अपनी शक्तियों को पहचानें और आगे बढ़ें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बेटियों को चाहिए कि वे सफल महिलाओं के जीवन से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ें और देश में परिवार और समाज का नाम रोशन करें। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री भाटी ने खेलकूद में अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं जिला स्तरीय प्रतिभावान 71 बालिकाओं का प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं मेडल देकर सम्मान किया। आयोजन प्रभारी श्री शैलेन्द्र गोदारा ने बताया कि छोटे-छोटे प्रयासों से ही लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी बहन-बेटियों के लिए बेहतर मंच उपलब्ध करवाएं, यह हमारा सामूहिक दायित्व है। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने मंत्री श्री भाटी को रामपुरा बाईपास नई रोड सुचारू करवाने, पानी, नाली, सड़क एवं विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया।

वाह साहब!

जिस राज्य सरकार के पास पूरे राजस्थान में एक भी सीटी स्कैन, एमआरआई, पीईटी स्कैन, नहीं है, वह सरकार राइट टू हैल्थ की बात करती है।

प्रश्न- आपमें से अधिकतर व्यक्ति अपना व अपने परिवार के सदस्य का ईलाज प्राईवेट अस्पताल में क्यों कराता है ?
उत्तर- प्राईवेट अस्पताल की गुणवत्ता सरकारी अस्पताल से कई गुणा अच्छी है।|
प्रश्न- दो टाईम की रोटी भी मुश्किल से कमाने वाला मजदूर भी अपना ईलाज सरकारी हॉस्पिटल में क्यो नही करवाना चाहता?
उत्तर- प्राईवेट अस्पताल की गुणवत्ता सरकारी अस्पताल से कई गुणा अच्छी है।
प्रश्न- क्या चिकित्सा एक व्यवसाय है?
उत्तर- राज्य सरकार ने शिक्षा एवं चिकित्सा को लगभग 30 वर्ष पहले ही व्यवसाय घोषित कर दिया है।
प्रश्न- क्या किसी व्यवसाय पर ऐसा काला कानून थोपा जा सकता है?
उत्तर- नहीं

पब्लिक हेतु जानकारियां

एक प्राईवेट अस्पताल चलाने के लिये कितना खर्चा होता है?

1. व्यावसायिक दर पर जमीन
2. भवन के निर्माण की लागत बहुत अधिक
3. बिजली व्यवसायिक दर पर
4. पानी व्यवसायिक दर पर
5. आज चिकित्सा उपकरण (मशीन) बहुत महंगे हैं (करोड़ों में) क्या आपको मालूम है आंख का चश्मा उतारने वाली मशीन की कीमत आठ करोड़ रूपये है।
6. हर साल नई तकनीक आ रही है अतः 4 से 5 साल बाद चिकित्सा उपकरण (मशीन) नई आ जाती है जिसकी कीमत पुरानी मशीन से लगभग डेढ़ गुना होती है।
7. पुराने चिकित्सा उपकरणों (मशीन) को कोई कोड़ी के भाव भी नहीं लेता।
8. बैंक लोन की ईएमआई(किस्त) देनी होती है।
9. कर्मचारियों की तन्ख्वाह
10. लाईसेन्स को लेने के लिये एवं उनके नवीनीकरण के लिये हर सालया दो साल फीस जमा करानी होती है।
11. मशीन की कीमत के अलावा हर साल 8 प्रतिशत मैंटीनेंस कीमत अलग से जाती है।
12. अलवर का एक भी निजी हॉस्पिटल रियायती दर जमीन पर नही बना हुआ है।

IMA, ALWAR

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com